■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-30)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 26 अगस्त, 2024




जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं


सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए निर्णय के विरोध में निकाला विशाल जुलूस 7

उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस आयुक्त से की मुलाकात 8


## वायुसेना का विमान नेपाल में सड़क दुर्घटना में मारे गए 25 भारतीयों के शव लेकर महाराष्ट्र पहुंचा



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना का एक सैन्य परिवहन विमान शनिवार को नेपाल के भरतपुर से 25 भारतीय तीर्थयात्रियों के शव लेकर महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचा। काठमांडू से लगभग 115 किलोमीटर दूर नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में इन भारतीयों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में 27 भारतीयों की मौत हो गई तथा दो लोगों के शव उत्तर प्रदेश के महाराजगंज ले जाये जायेंगे। भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महत्वपूर्ण मानवीय सहायता के आह्वान पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, भारतीय वायुसेना ने नेपाल में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 भारतीय नागरिकों के शव हवाई मार्ग से लाने के लिए सी-130जे विमान तैनात किया।'' इसमें कहा गया है, ''शवों को भरतपुर (नेपाल) से जलगांव (महाराष्ट्र) ले जाया गया। भारतीय वायुसेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'' भारतीय तीर्थयात्री 10 दिवसीय दौरे पर नेपाल आए थे। इस दुर्घटना में 16 अन्य घायल भी हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस शुक्रवार को राजमार्ग से पलटकर 150 मीटर नीचे तेज बहाव वाली मर्स्यांगदी नदी में गिर गई थी।

एकीकृत पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए

## गरिमा व आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है: प्रधानमंत्री मोदी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि एकीकृत पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए गरिमा व आर्थिक सुरक्षासुनिश्चित करती है तथा यह उनके कल्याण एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत सेवा में शामिल होने वाले 23 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित रूप से वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में दिए जाने को मंजूरी देने के बाद यह टिप्पणी की। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एक अप्रैल, 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू है। यह पेंशन योजना, एनपीएस से पहले के कर्मचारियों के लिए लागू परिभाषित लाभ के बजाय योगदान के आधार पर लाभ देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों पर हमें गर्व है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) इन कर्मचारियों की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली है। यह कदम उनके कल्याण और सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्रिमंडल के फैसलों की घोषणा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारी अब सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के हकदार होंगे।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाये जाने के सीएम ने दिए निर्देश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि ''जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। योगी ने प्रदेशभर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से करने के आदेश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए हैं। योगी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर में स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है।

## संजय रॉय का जेल में किया जा रहा है पॉलीग्राफ टेस्ट, सच आएगा सामने!




नयी दिल्ली। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का ''पॉलीग्राफ टेस्ट'' कोलकाता की प्रेजीडेंसी जेल में किया जा रहा है जहां वह बंद है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कोलकाता में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कार्यालय में दो ओर लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष समेत चार लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली की केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से 'पॉलीग्राफ' विशेषज्ञों का एक दल जांच करने के लिए कोलकाता गया है। 'पॉलीग्राफ टेस्ट' के दौरान व्यक्ति द्वारा प्रश्नों के उत्तर दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है और यह पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा था कि स्थानीय पुलिस ने प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक संघीय एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ली, तब तक अपराध स्थल से छेड़छाड़ की जा चुकी थी। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को चिकित्सक का शव मिला था, जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। इस घटना के संबंध में कोलकाता पुलिस ने रॉय को अगले दिन गिरफ्तार किया था। इस घटना के खिलाफ देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।


बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in



सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502,9335908846

सभी लोगों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

सभी लोगों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT

638y-1, Block Kidwai Nagar

Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur

Owner Management Suresh Sahu

M.-8303637506, 9792526852

Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com



Sahu THE FAMILY RESTAURANT



सभी लोगों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



## संपादकीय

### मिलावट पर अंकुश

यह मानवीय मूल्यों के पराभव की पराकाष्ठा है कि दूध की जगह रासायनिक पदार्थों से बना जहरीला पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहा है। हकीकत में दूध दुनिया में सबसे ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थ है, लेकिन भारत में यह संकट बड़ा है। वैसे भारत पिछले दो दशक से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। लेकिन लगातार पशुधन संख्या में गिरावट के बावजूद दूध से जुड़े आंकड़े संदेह भी पैदा करते हैं। दूध में पानी मिलाने की कथाएं तो सदियों पुरानी हैं। लेकिन हाल के दशकों में उन खबरों ने डराया है, जिनमें कहा गया कि आपराधिक मानसिकता के मुनाफाखोर दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, ग्लुकोज और फॉर्मेलिन आदि मिला रहे हैं। विडंबना देखिये कि सदियों से कहा जाता रहा है कि दूध बलवर्धक व स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है। आज के दौर में खाने-पीने की चीजों में तमाम रासायनिक पदार्थों की मिलावट के बाद एक दूध से उम्मीद होती है कि बच्चे दूध पीकर तंदुरुस्त बनें। लेकिन जब वे रासायनिक पदार्थों से बना दूध पीएंगे तो उनका क्या स्वास्थ्य सुधरेगा? कल्पना कीजिए कि किसी मरीज को डॉक्टर स्वस्थ होने के लिये दूध पीने को कहे और वह नकली दूध पीने से और बीमार पड़ जाए। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर भी लगातार नकली दूध की चाय बिकने की शिकायतें आती रही हैं। कुछ वर्ष पहले उ.प्र. के एक रेलवे स्टेशन में सफेद रंग से बने दूध की चाय बिकने की शिकायत सामने आई थी। लेकिन इसके बावजूद इस मिलावट पर अंकुश लगाने के लिये हितधारकों की तरफ से कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते। यह दुखद ही है कि हर घर में प्रयुक्त होने वाले दूध की गुणवत्ता में भारी गिरावट के बाद भी शासन-प्रशासन की दृष्टि में यह गंभीर मुद्दा नहीं है। न ही राजनीतिक दल ही इस गंभीर मुद्दे को संबोधित करते हैं। जिसकी वजह से मिलावट करने वालों के हौसले बुलंद हैं।बहरहाल, आज यदि समाज में सेहत के लिये घातक रासायनिक पदार्थों से बना नकली दूध धड़ल्ले से बिक रहा है तो स्वाभाविक प्रश्न है कि जिन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के पास खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने का जिम्मा है, क्या वे ईमानदारी से अपने दायित्वों को निभा रहे हैं? दरअसल, इन मलाईदार पदों पर नियुक्ति में जिस तरह धनबल व राजनीतिक बल चलता है, वह पद कालांतर सोने का अंडा देने वाली मुर्गी में बदल जाता है। तभी दिवाली आदि त्योहारों में मिठाई के लिये बाजार में दूध, मावे और पनीर की बाढ़ आ जाती है, लेकिन ऐसी स्थिति वर्ष के शेष महीनों में नहीं होती। सवाल स्वाभाविक है कि दिवाली व अन्य त्योहारों के समय दूध व उसके उत्पादों से जो बाजार भर जाता है, साल के शेष महीनों में वह दूध आदि क्यों नजर नहीं आता? इस खेल की तह तक जाने की जरूरत है। वहीं क्या उपभोक्ताओं को मिलावटी दूध से स्वास्थ्य को पैदा होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया जाता है? विडंबना देखिए कि पंजाब, जहां प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता देश में सर्वाधिक है।

# कड़े कानून नहीं, सोच बदलने से थमेगी यौन हिंसा

**स्थिति की गंभीरता और भयावहता को कुछ आंकड़े उजागर कर सकते हैं।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की गणना के अनुसार हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में बलात्कार चौथा सबसे गंभीर अपराध है। प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में देश में बलात्कार के 31,677 मामले दर्ज हुए थे, अर्थात? रोज 86 मामले यानी हर घंटे चार। ज्ञातव्य है कि इसके पहले के दो वर्षों में यह संज़्या कम थी- सन? 2020 में 28,046 मामले और सन 2019 में 32,033 मामले। यह आंकड़े तो उन अपराधों के हैं, जो थानों में दर्ज हुए। हकीकत यह है कि आज हमारे देश में कम से कम इतने ही मामले थानों में दर्ज नहीं होते! यह मानकर कि अपराधियों को सज़ा नहीं मिलेगी**




कोलकाता के एक अस्पताल में हुए जघन्य कांड की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। पश्चिम बंगाल की पुलिस को अक्षम ठहराकर मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वत: संज्ञान लिया है। उधर देशभर के डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन जारी है। वे सुरक्षा की गारंटी मांग रहे हैं। इस मांग के औचित्य पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए, लेकिन जिस तरह सारे मामले को राजनीति का हथियार बनाया जा रहा है उसे देखते हुए न्याय की मांग करने वालों के इरादे पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है।

निस्संदेह मामला बहुत गंभीर है और बलात्कार का यह मुद्दा कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की अक्षमता को भी उजागर करने वाला है। उम्मीद ही की जा सकती है कि अपराधी शीघ्र ही पकड़े जाएंगे और मरीजों को अस्पतालों में समुचित चिकित्सा मिलेगी, डॉक्टर को बिना डरे अपना काम करने का माहौल मिलेगा। मरीजों और डॉक्टरों के प्रति हमारी व्यवस्था को कम से कम इतना तो करना ही चाहिए।


इस मामले में न्याय मांगने वाले अपराधी या अपराधियों को कड़े से कड़ा दंड, फांसी, दिये जाने की मांग कर रहे हैं। निश्चित रूप से अपराधी को ऐसा दंड मिलना ही चाहिए जो शेष समाज को यह चेतावनी देने वाला हो कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी नृशंसता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। लेकिन यहां इस बात को भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि कड़ी से कड़ी सजा का एक परिणाम यह भी निकल रहा है कि अपराधी सबूत को मिटाने के चक्कर में बलात्कार के बाद हत्या का मार्ग अपना रहे हैं।दिल्ली की 'निर्भया' से लेकर कोलकाता की 'निर्भया' तक की यह श्रृंखला यही बता रही है कि मनुष्यता के खिलाफ किए जाने वाले इस अपराध-बलात्कार के दोषी सिर्फ कड़े कानूनों से नहीं डर रहे हैं। जिस दिन कोलकाता के एक अस्पताल में यह जघन्य कांड हुआ, उसके बाद उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे देश के अन्य हिस्सों में भी बलात्कार-हत्या की घटनाएं सामने आने लगीं। यह स्थिति निश्चित रूप से भयावह है। स्पष्ट दिख रहा है कि अपराधियों को कानून-व्यवस्था का डर नहीं रहा, कहीं न कहीं उन्हें लग रहा है कि कानून उनकी मनमानी को रोकने में सक्षम नहीं है।

स्थिति की गंभीरता और भयावहता को कुछ आंकड़े उजागर कर सकते हैं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की गणना के अनुसार हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में बलात्कार चौथा सबसे गंभीर अपराध है। प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में देश में बलात्कार के 31,677 मामले दर्ज हुए थे, अर्थात? रोज 86 मामले यानी हर घंटे चार। ज्ञातव्य है कि इसके पहले के दो वर्षों में यह संख्या कम थी- सन? 2020 में 28,046 मामले और सन 2019 में 32,033 मामले। यह आंकड़े तो उन अपराधों के हैं, जो थानों में दर्ज हुए। हकीकत यह है कि आज हमारे देश में कम से कम इतने ही मामले थानों में दर्ज नहीं होते! यह मानकर कि अपराधियों को सज़ा नहीं मिलेगी, पीड़ित पक्ष 'पुलिस के चक्कर' में पड़ते ही नहीं। साथ ही बलात्कार की शिकार महिलाएं और उनके परिवार वाले समाज के 'डर' से भी पुलिस के पास जाने में हिचकिचाते हैं। बलात्कार स्त्री पर किया गया जघन्य अपराध है, लेकिन हमारे यहां बलात्कार की शिकार महिलाओं को ही संदेह और नीची दृष्टि से देखा जाता है! आज मुख्य सवाल इस दृष्टि के बदलने का है। और यह काम सिर्फ कड़े कानून से नहीं होगा। बलात्कार करने वाले को कड़ी से कड़ी सज़ा मिले, यह सब चाहते हैं, लेकिन यह बात कोई नहीं समझना चाहता कि आवश्यकता उस दृष्टि को बदलने की है जो महिला को एक वस्तु मात्र समझती है। अपराधी यह दृष्टि भी है। सज़ा इसे भी मिलनी चाहिए- इस दृष्टि को बदलने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए।आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। कई क्षेत्रों में तो पुरुषों से कहीं आगे हैं वे। इसके बावजूद उन्हें कमजोर समझा-कहा जाता है। यह उसी सोच का परिणाम है जो अबला जीवन को 'आंचल में दूध और पलकों में पानी' से आगे नहीं देखना चाहता। इस सोच को बदलने की जरूरत है। नारी को पुरुष के सहारे की नहीं, बराबरी के सहयोग की आवश्यकता है और पुरुष को यह समझना होगा कि वह भी नारी के सहयोग के बिना अधूरा है। जितनी आवश्यकता नारी को पुरुष की है, उतनी ही आवश्यकता पुरुष को भी नारी की है। यह काम कानून को कड़ा बनाने से नहीं, समाज की सोच को बदलने से होगा। हम देख रहे हैं कि इस संदर्भ में कानून को कड़ा बनाना अपराध और अधिक जघन्य बना रहा है, उम्मीद करनी चाहिए कि कानून अपना काम करेगा और समाज की सोच भी बदलेगी। इस दिशा में बहुत कुछ किये जाने की आवश्यकता है।लेकिन, आज आवश्यकता उस सोच को भी बदलने की है जो हमारे राजनेताओं को हर स्थिति का राजनीतिक लाभ उठाने का लालच देती है। यह सही है कि बलात्कार का यह वीभत्स कांड कोलकाता का है और पश्चिम बंगाल की सरकार का दायित्व है कि वह इस दिशा में ठोस कार्रवाई करे। लेकिन बलात्कार की समस्या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। कोलकाता में तो बलात्कार के सबसे कम मामले दर्ज होते हैं। इस संदर्भ में राजस्थान का नाम सबसे पहले आता है। इसके बाद मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का नंबर आता है।

ताज़ा उदाहरण यह भी बताता है कि कोलकाता के इस कांड के दूसरे-तीसरे दिन ही उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भी कुछ ऐसी ही घटनाएं घटीं। इस बारे में हमारे राजनीतिक दलों ने जिस तरह का रवैया अपनाया है उसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। बंगाल में भाजपा का मुकाबला ममता की तृणमूल-कांग्रेस पार्टी से है इसलिए भाजपा वहां सरकार बदलने की मांग कर रही है। यह ग़लत प्रवृत्ति है। हर बात को राजनीतिक नफे-नुकसान की दृष्टि से देखकर हम आने वाले कल का विकसित भारत नहीं बना पायेंगे। यह बात हमारे राजनेताओं को समझनी होगी। तभी समाज का स्वास्थ्य सुधरेगा, तभी हमारा भारत विकसित होगा।बलात्कार के किसी कांड को राजनीति का हथियार बनाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। बलात्कार और बलात्कारियों को किसी भी दृष्टि से छूट नहीं दी जा सकती, लेकिन इस बात को भी नहीं भुलाया जाना चाहिए।

# सभी राज्यों के स्कूलों में सुरक्षा और संरक्षा दिशानिर्देश 2021 लागू करें

गोंदिया ङ्क वैश्विक स्तरपर जहां एक और विश्व के अनेकविकसित देशों व पड़ोसी मुल्कों में राजनीतिक आर्थिक गहमागहमी मची हुई है, व उन समस्याओं से लड़ते हुए भी पूरी दुनियां की नजरे भारत के जश्न ए आजादी 78 वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024, भारत के सबसे बड़े महापर्व, जिसकी थीम विकसित भारत है, जहां 9 से 15 अगस्त 2024 तक अति तेज जश्नउत्सव से हर घर तिरंगा उत्सव का जोश मचा हुआ है व हर भारतीय के पावन मुख् से यही निकल रहा है, मेरा भारत मेरा अभिमान, भारत देश महान,के आगाज़ पर दुनियां की नज़रें लगी हुई है, व भारतीयों के उत्साह को देखकर टकटकी नज़रों से भारतीय उत्साह व विकास की गाथा को पूरी दुनियां देख रही है। स्वतंत्रता समारोह में पंचायती राज संस्थाओं व 400 महिला प्रतिनिधियों को जीवन साथियों के साथ आमंत्रित किया गया है। पूरा भारत 78 वेंस्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 व हर घर तिरंगा के रंग में रंग कर झूम उठा है। जहां एक ओर 13अगस्त 2024 को हर राज्य के हर घर तिरंगा अभियान की रैलियांयात्राएं मानवीय चैन बनाकर उपराष्ट्रपति से लेकर पीएम गृहमंत्री व अनेक केंद्रीय मंत्री शुभारंभ में व्यस्त हैं, वहीं 14 अगस्त 2024 को देर शाम 7 बजे माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा का आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित हो रहा है, वहीं 15 अगस्त 2024 को माननीय प्रधानमंत्री लाल किले से राष्ट्र को संबोधन करेंगे।परंतु सभी नागरिकों से मेरी अपील है कि,इस सबसे बड़े राष्ट्रीय महापर्व में हम राष्ट्रीय झंडा तिरंगे के सम्मान में दो कानूनों, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को ?हराने/उपयोग/प्रदर्शनसम्मान के अपमान के रोकथाम अधिनियम 1971 व भारतीय ध्वज संहिता 2002 का सख्ती के साथ पालन करने की ?रूरत है, क्योंकि जिस पर्व का हम जोरदार जश्न मना रहे हैं, उसके ध्वज का सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है, अन्यथा इसके अपमान या गलती करने पर हमें जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है,क्योंकि सबसे बड़ा राष्ट्र सम्मान है। चूंकि 78 वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 भारत का सबसे बडा महापर्व वि ?न विकसित भारत मना रहे हैं,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, राष्ट्रीय ध्वज को फहराना अधिनियम 1971 व ध्वज संहिता 2002 दोनों अधिनियमों का पालनकरना ज़रूरी है,व जश्न ए आजादी, मेरा भारत मेरा अभिमान, भारत देश महान।साथियों बात अगर हम तिरंगा ?हराने के नियमों व ध्वज संहिता की करें तो, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को फहराना/उपयोग/प्रदर्शन



राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा संचालित होता है। इसके मुताबिक कोई भी सार्वजनिक/निजी संस्था या शैक्षिक संस्थान का सदस्य किसी भी दिन और किसी भी अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकता है। ध्यान रहे कि जब भी राष्ट्रीय ध्वज को प्रदर्शित किया जाता है, तो केसरिया पट्टी सबसे ऊपर होगी। अगर कोई झंडे को लंबवत (वर्टिकल) प्रदर्शित कर रहा गोंदिया । वैश्विक स्तरपर दुनियां में किसी भी देश के विकास का दरवाजा शिक्षा रुपी चाबी से ही खुलता है, क्योंकि शिक्षा ग्रहण कर छात्र वैज्ञानिक डॉक्टर इंजीनियर प्रौद्योगिकी मास्टर से लेकर कौशलता विशेषज्ञ तक बनते हैं, जिनके सहयोग से एक बुद्धिजीवी वर्ग तैयार होता है और नए-नए अविष्कार होते हैं,व्यापार व्यवसाय फलता फूलता है और देश तेजी से विकास की ओर बढ़कर विकसित देश बनता है। यही प्रक्रिया हमारे भारत देश में भी जारी है जिसकी सीढ़ी पर चढ़कर हम विजन 2047ञ्च विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। परंतु कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि इस सीढ़ी के प्रमुख पहिए शिक्षाक्षेत्र में अनेक बाधाएं आ रही है जैसे पेपर लीक मामले, कोलकाता आर जी कॉलेज रेप कांड व बदलापुर महाराष्ट्र के केस अभी सामने आए हैं, और पूरे देश में ऐसे अनेकों केस होंगे जो जानकारी में नहीं आए हैं, परंतु एक मीडिया की रिपोर्ट में आया है कि महाराष्ट्र में भी 72 घंटे में 11 कैसे आए हैं,उनमें स्कूलों का भी मामला हैं, यानें करीब करीब अनेकों मामले शिक्षा के पावन मंदिर स्कूल कॉलेज में से जुड़े हैं।सबसे शर्मनाक बात यह है कि स्कूलों में ऐसी छेड़खानी व गलत हरकतों के मामले बहुत आ रहे हैं,हालांकि इसके पूर्व भी ऐसे अनेकों मामले आते रहे हैंजिसपर सुप्रीमकोर्ट के निर्देश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 1 अक्टूबर 2021 को जॉइंट सेक्रेटरी केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 91 पेज का स्कूल सुरक्षा और संहिता दिशानिर्देश 2021 जारी किया था,जिसका सख्ती से पालन जरूरी है, इसी कड़ी में फिर दोबारा दिनांक 23 अगस्त 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा इसे सख्ती के साथ पालन करने का निर्देश सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया गया है। मेरा मानना है कि पूरे देश में जिला प्रशासन व कलेक्टर द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के स्कूलों का औचक निरीक्षण करना चाहिए, ताकि सभी नियमों विन्यमों कानूनों का पालन सख्ती से हो सके जिसमें खामी पाए जाने पर प्रधानाध्यापक, प्रभारी तथा शिक्षकों को सस्पेंड व स्कूल के मैनेजमेंट पर भी जवाबदेही की कार्रवाई कर उनपर किशोर न्याय अधिनियम 2015 वपॉक्सो (संशोधन) अधिनियम 2019 की धाराओं में कार्रवाई करना समय की मांग है। चूंकि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का निर्देश है कि सभी राज्यों के स्कूलों में सुरक्षा और संरक्षा दिशानिर्देश 2021 लागू करें, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,स्कूल प्रबंधन प्रधानाचार्य विभाग प्रमुखों शिक्षकों के द्वारा स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा व संरक्षा में लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर ज़ोर देना समय की मांग है।साथियों बात अगर हम दिनांक 23 अगस्त 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश की करें तो,सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशानिर्देश-2021 लागू करने का निर्देश दिया है।मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित किए गए थे। प्रक्रियाओं, जवाबदेही को मजबूत करने और छात्रों की सुरक्षा के लिए, रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 136/ 2017और रिट याचिका (सिविल) संख्या 874/2017 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में,स्कूली शिक्षा पर हो।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## वेब सीरीज 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' और सच्ची घटना से प्रेरित वेब सीरीज 'सुन' का फर्स्ट लुक जारी



अंधेरी (वेस्ट), मुम्बई स्थित इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के थियेटर में में पिछले दिनों आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान निर्देशक एम आर खान के निर्देशन में बनने वाली, निर्माता एम के राजपूत की वेब सीरीज 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' व निर्माता दिनेश के. ढाबी की वेब सीरीज 'सुन' का फर्स्ट लुक जारी किया गया। दोनों सीरीज के प्रोमो भी स्क्रीन पर दिखाए गए जहां सभी ने प्रोमो और इसके कॉन्सेप्ट को पसन्द किया। मुम्बई के पूर्व एसीपी संजय पाटिल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। चीफ गेस्ट पूर्व एसीपी संजय पाटिल ने दोनों सीरीज के लिए निर्माताओं व निर्देशक को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि देश की सुरक्षा सबसे जरूरी है। यह देश है तो हम हैं, इसलिए देश सर्वोपरि है। एमके फिल्म्स टेलीविजन प्रोडक्शन्स द्वारा प्रस्तुत इस वेब सीरीज के प्रोड्यूसर एम के राजपूत और एमआर खान हैं। सह निर्माता के के शर्मा और क्रिएटिव डायरेक्टर रिहाना खान, डीओपी कुंदन, लेखक मोती सुल्तानपुरी और विंध्या शुक्ला हैं। भारत की एकता और अखंडता को परिभाषित करती इस वेब सीरीज में मिस रिज्जु, मुस्कान, सुनील, प्रिया ठाकुर, कल्याणी, इशिता चक्रवर्ती सहित कई कलाकार नजर आएंगे। पोस्टर अनावरण के अवसर पर वंदे मातरम गीत भी दिखाया गया जिसे साजन सरहदी ने कम्पो? किया है और स्वर दिया है। इस गीत में फीमेल आवा? इशिता चक्रवर्ती की है। सच्ची घटना से प्रेरित महिला सशक्तिकरण की आवाज बुलंद करती वेब सीरीज 'सुन' के निर्माता दिनेश कुमार प्रभात, लेखक बाबा खान व मो. राशिद खान और डीओपी कुंदन हैं।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# क्रिमिलेयर का क्रीम खाने वालों ने ही गरीबों को छला

हाँ ! तो अब गिरोह की क्रोनोलॉजी समझिए और बांट दीजिए समाज को मोटे तौर पर। हिन्दुओं को आरक्षण के नाम पर, मुश्लिमों को आरएसएस के नाम पर और आदिवासियों को पिछड़े के नाम पर फिर उनका नेता बन वोट की राजनीति कीजिये। मतलब कुछ दलित चाहे बड़ी बड़ी कोठियां बंगले बना ले , लाखों करोड़ों के कारोबार कर ले , पढ़ लिखकर मोटे मोटे पैकेज ले ले , वह दलित बने रहेंगे , उनके बच्चे अखिलेश यादव की तरह विदेश में पढ़े पर आरक्षण के दायरे में ही रहेंगे ? तो ऐसे आएगी समानता और समरसता ? क्रीमी लेयर का मुद्दा तीन दशकों से उठता आ रहा है । अब सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद रास्ता खुला तो राजनीति आड़े आ गई । वोट सबको चाहिएं , बीजेपी को भी तो वो क्यों पीछे हटेगी राजनीति से । चुनाव लड़ने के लिए आरक्षण, नौकरी के लिए आरक्षण, पढ़ने के लिए आरक्षण, योजना का लाभ लेने के लिए आरक्षण हर चीज में आरक्षण घुस चुका है और इतने पर भी यादि सामाजिक स्थिति में सुधार नही हो रहा तो बिल्कुल कृमीलेयर मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सही है कि मलाई खा चुके आरक्षणधारी लोगो को अपने समाज के गरीब लोगो के लिए आरक्षण का त्याग कर देना चाहिए पर विडंबना देखिए कि जिनके हित के लिए कोर्ट नें फैसला दिया उन्ही को बड़े चालाकी से सड़को पर उतार कर भारत बंद के लिए उकसवा दिया गया। गजब का गिरोह है ! जब समाज गिरोहों में बटा होता है तब योग्यता नकार दी जाती है। आज यह यथार्थ है कि समाज नहीं बचा हुआ है गिरोह बचे हुए हैं। कोई गिरोह जाति का है, कोई गिरोह क्षेत्र का है तो कोई



**पंकज सीबी मिश्रा**

गिरोह विचारधारा के नाम पर है, जबकि यथार्थ यह है कि उसमें अधिकांश लोगों में न कोई विचार है और न ही कोई धारा है। कहीं जातियों के नाम पर भयादोहन हो रहा है, तो कहीं क्षेत्र के नाम पर और कहीं विचारधारा, दल और संगठन के नाम पर। राहुल गांधी , लालू यादव , मायावती और अखिलेश कि अपनी थ्योरी ! बांग्लादेश में बर्बर हिन्दू उत्पीड़न के खिलाफ एससी एसटी , ओबीसी या मुस्लिम कोई संगठन प्रदर्शन करने नहीं आया । अब सुप्रीमकोर्ट के क्रीमी लेयर को अलग करने के आदेश के खिलाफ सभी राजनैतिक दलों के दलित एक साथ बाहर निकल आए ? कहते हैं कि 77 सालों में जो दलित करोड़पति हो गए हैं , उन्हें भी आरक्षण का लाभ पूर्व की भांति मिलता रहे । मतलब वे कह रहे हैं कि आरक्षण उनका जन्मसिद्ध अधिकार है । क्रीमी लेयर को किसी भी सूरत में दलित कोटे से अलग नहीं किया जा सकता । दलितों के कई संगठनों ने बंद का आयोजन किया जो बहुत सफल नहीं रहा । अनुसूचित जातियों के तमाम सांसद और विधायक मोदी सरकार से मांग कर रहे हैं कि सुप्रीमकोर्ट के आदेश के खिलाफ अध्यादेश लाया जाए और संसद में लाकर क्रीमी लेयर को भी पूर्व की भांति आरक्षण यथावत जारी रखा जाए । याद रहे कि ऐसा ही एक अध्यादेश तब भी लाया गया था जब सुप्रीमकोर्ट ने एससी एसटी कानून के अंतर्गत गिरफ्तारी से पूर्व पुलिस जांच का आदेश दिया था । वैसे संविधान सभा के अध्यक्ष डाक्टर राजेंद्र प्रसाद ने भी कहा था कि आरक्षण कब तक रहेगा उसकी अवधि नियत की जानी चाहिए । लेकिन पहले नेहरू और फिर उनकी बेटी इंदिरा ने इसे जारी रखा । उससे भी बढ़कर मंडल आयोग का गठन कर दिया , जिसकी राय कभी नहीं मानी । मंडल आखिर वीपी सिंह के काम आया जिन्होंने पूरे का पूरा बेड़ा ही ग़र्क कर दिया । तो चलने दीजिए आरक्षण का यह खेल । अभी जातियों को और तोड़िए राहुल गांधी ? एक दिन ये 17.5त्न अनुसूचित जातियां और 27त्न ओबीसी ही तुम्हें भी बताएंगे कि संख्या भारी हिस्सेदारी का असली तमाशा क्या है । राहुल गांधी के सिर सेहरा बंधेगा कि उन्होंने आर्यसमाज और संघ के सरनेम विहीन समाज के सिद्धांतों को कैसे ध्वस्त किया । ठीक है , सुप्रीमकोर्ट के क्रीमी लेयर हटाने संबंधी आदेश की धज्जियां उड़ाइए , आदेश को शौक से पलीता लगाइए । बांटिए समाज , बनाइए जातियां , दीजिए आरक्षण पर आरक्षण , आरक्षण में भी आरक्षण ? प्रतीक्षा कीजिए उस दिन की जब जाति जाति करने वालों को जनता ही सही तरीके से बताएगी कि उसकी हैसियत क्या है ? कोई कह रहा है अल्पसंख्यकों की चिन्ता होनी चाहिए, कोई कह रहा है जातियों की चिन्ता होनी चाहिए, तो कोई कह रहा है हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं की चिन्ता होनी चाहिए और इस हर चिन्ता से एक अनियमितता उत्पन्न हो रही है,


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क को लेकर राज्यमंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

बीपीएस न्यूज



कानपुर। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन उ0प्र0 रवीन्द्र जायसवाल द्वारा आज जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक के पश्चात् मा0 मंत्री जी ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां पर इन्वेस्टर्स की संख्या बढ़ रही है तथा रहने वाले आशियाना बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोग अपना मकान/घर वहां बनाते हैं जहां की कानून व्यवस्था अच्छी होती है और इसका प्रमाण होता है रजिस्ट्री विभाग, जब ज्यादा रजिस्ट्री हो रही हो, ज्यादा रेवेन्यू आ रहा हो यह इस बात का प्रमाण है कि उ0प्र0 में कानून व्यवस्था अच्छी है और कानपुर में विगत वर्षों की तुलना में ज्यादा रेवेन्यू आ रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर कई नवाचार किये गये हैं, जैसे ब्लड के रिश्ते में दान की रजिस्ट्री कराने पर मात्र पांच हजार रूपये स्टॉम्प शुल्क कर दिया गया है, जिससे जनता को ब्लड रिलेशन में सम्पत्ति देने मे सहायता हो रही है। इसी प्रकार यदि कोई पुस्तैनी प्रापर्टी किसी के पास है तो उस प्रापर्टी के फैमली सेटेल्मेट की रजिस्ट्री में बैनामे के बराबर स्टाम्प शुल्क लगता है तथा यदि परिवार के सदस्यों के बीच प्रापर्टी का बटवारा करना है तो बटवारे के बैनामे में भी स्टाम्प शुल्क देना पड़ता है। उ0प्र0 सरकार द्वारा फैमली सेटेल्मेट तथा बटवारे में मामूली स्टाम्प लेने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे परिवार में विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी, लोगों का समय कोर्ट कचहरी में बर्बाद नहीं होगा और आपसी सामन्जस से उनकी समस्या का समाधान हो जायेगा तथा घर–घर में भाई चारे का सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित होगा। उ0प्र0 सरकार द्वारा पांच सौ रूपये तक के स्टाम्प शुल्क के लिये सेल्फ प्रिन्टिंग का कानून लाया जा रहा है, जिससे कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन पेमेन्ट करके पॉच सौ रूपये तक के स्टाम्प खुद ही निकाल सकता है। मा0 मंत्री जी ने उप निबन्धक सदर के चार कार्यालयों के लिये भूखण्ड आवंटन की आवश्यकता पर बल दिया तथा ए0आई0जी0 स्टाम्प को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी से मिलकर कार्यालयों के लिये भूखण्ड प्राथमिकता से आवंटित करवायें। मा0 मंत्री जी ने सर्किल रेट के संशोधन के लिये जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) व ए0आई0जी0 स्टाम्प को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र संशोधन कर जनपद में नया रेट लागू करायें।इस अवसर पर सहायक महानिरीक्षक निबन्धन कानपुर श्याम सिंह बिसेन, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन कन्नौज सुषमा, सब रजिस्ट्रार प्रथम आर0के0 सिंह, सब रजिस्ट्रार द्वितीय नवीन कुमार शर्मा, सब रजिस्ट्रार चतुर्थ पदमा सिंह, प्रभारी उप निबन्धक महेन्द्र प्रताप सिंह, उप निबन्धक अकबरपुर कानपुर देहात संतोष, उप निबन्धक इटावा सदर विनय कुमार सिंह, उप निबन्धक भर्तना इटावा अशोक कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एडीजी जोन ने मीडिया पर सर्तक दृष्टि बनाए रखने हेतु दिए निर्देश

कानपुर। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा गूगल मीट के माध्यम से कानपुर जोन के समस्त जनपद प्रभारियों के साथ कानून–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आगामी त्योहार (जन्माष्टमी व चेहल्लुम), पर्वो के दौरान सोशल मीडिया पर सर्तक दृष्टि बनाएं रखने व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी के दौरान जोगेन्द्र कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर व कलानिधि नैथानी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी उपस्थित रहे।



## कानपुर सराहनीय कार्य

# 112 पीआरवी कर्मचारियों को महिला की जान बचाने का मिला पुरस्कार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पीआरवी 4741 थाना बर्रा–दिनांक 15.08.24 को सूचना संख्या 39591 प्राप्त हुयी थी जिसमे बर्रा -2 के एक पारिवारिक विवाद के कारण कॉलर की बहू आत्महत्या करने के लिए गहरे गंदे नाले में कूद गई थी। इस सूचना पर तत्काल मौके पर पीआरवी 4741 के हे.का. आबिद खान व चालक हो0गा0 सुमित नारायण पहुंचे। पीआरवी कमांडर हे.का. 2138 आबिद खान महिला की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर नाले मे घुस गये और महिला को सकुशल बाहर निकाल कर महिला की जान बचाई। आज दिनांक 20.08.24 को पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था द्वारा हे.का. आबिद खान को ?5000/– व हो.गा. सुमित नारायण को ?2500/– नगद से पुरुस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# छठे दिन चिकित्सक उतरे सड़को पर निकली रैली, फूंका हत्यारों का पुतला



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर की रेप के बाद हत्या किए जाने के बाद कानपुर के डॉक्टरों का विरोध अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। छठे दिन भी डॉक्टरों की हड़ताल जारी है, लेकिन अब डॉक्टर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। मंगलवार को कानपुर के रेजिडेंट डॉक्टरों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।उन्होंने मेडिकल कॉलेज से जुलूस निकालते हुए जेके कैंसर अस्पताल रावतपुर तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग की। इसके बाद हत्यारे का पुतला फूंका। रेजिडेंट डॉक्टरों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि हत्यारों को फांसी देनी चाहिए, क्योंकि यह एक बहुत ही जघन्य अपराध हुआ है और जल्द से जल्द इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। यदि यह मांगे पूरी नहीं हुई तो मजबूरी में यह प्रदर्शन और भी ज्यादा उग्र होगा। रैली के दौरान डॉक्टर ने वी वॉन जस्टिस, हत्यारो को फांसी दो, शौक नहीं मजबूरी है, ये हड़ताल जरूरी है आदि नारे लगाए। डॉक्टर ने रैली के दौरान पूरे रास्ते लोगों को पंफलेट बांटे। उसमें लिखा था कि %महिलाओं के खिलाफ निरंतर होते इन अपराधों का विरोध एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए आओ मिलकर आवाज़ उठाएं%। डॉक्टर ने कहा कि ऐसे अपराधों पर तत्काल अंकुश लगना चाहिए और ममता सरकार को भी दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो डॉक्टर द्वारा ये विरोध और भी ज्यादा किया जाएगा।ओपीडी में अब नए पर्चे भी नहीं बनाए जा रहे है, जो मरीज पुराने पर्चे लेकर आ रहे हैं। उन्हें देखा जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. संजय काला ने बताया कि जो पुराने मरीज है उन्हें समस्या न हो इसलिए हम लोग ओपीडी में बैठ रहे हैं। पुराने पर्चे वालों को देखा भी नहीं देखा।

## रीति गुप्ता के परिवार द्वारा पुलिस की भूरी–भूरी प्रशंसा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सराहनीय कार्य थाना कोतवाली रीति गुप्ता निवासी यशोदा नगर नें थाना कोतवाली कंमिश्नरेट कानपुर नगर पर आकर सूचना दी कि मैं शिवाला बाजार से सामान लेने आयी थी तभी मेरा पर्स कही गिर गया हैं। जिसमें 02 सोनें की चैन जिनका वजन लगभग 30 ग्राम, 02 सोनें अँगूठी की बजन लगभग 15 ग्राम, 01 सोने की कांन की बाली का वजन लगभग 03 ग्राम व 01 जोंडी चांदी की पाजेब रखी हैं। रीति गुप्ता द्वारा बताया गया कि लगभग पूरा सामान 350000/– रूपये का हैं और भावुक होकर रोने लगी। तभी थाना कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे कैमरो की मदद से उक्त पर्स को बरामद कर पर्स सहित पूरे सामान को सुपुर्द किया गया।

# पूर्व पीएम की जयंती पर 51 पौधों को रोपकर पर्यावरण सन्तुलित करने का लिया संकल्प



कानपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में फूलबाग में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर गोष्ठी एवं वृक्षारोपण किया गया। काँग्रेस जनों ने इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र प्रांगण मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम पर 51 पौधों को रोप कर पर्यावरण सन्तुलित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने कहा राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं. देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। साथ ही कहा स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33त्न रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया साथ ही मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया। कार्यक्रम का संयोजन पीसीसी सदस्य संदीप शुक्ला ने किया, अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने किया संचालन कृपेश त्रिपाठी ने किया एवं ब्रजेश त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के प्रमुख रूप से इकबाल अहमद, बूटा सिंह, सतीश दीक्षित, इखलाक अहमद डेविड, आमोद त्रिपाठी, जीशान अंसारी, नदीम सिद्दीकी, राम चन्द्र गुप्ता, दीप पाण्डेय, जफर शाकिर, विनय पाण्डेय, राहुल कठेरिया, दिन्नू त्रिवेदी, राकेश शुक्ल, मोहम्मद रफीक, आशुतोष त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# शांति अमन सद्भावना के लिए किया गया सद्भावना दूत से सम्मानित



बीपीएस न्यूज

कानपुर। दि ब्रिटिश इंग्लिश स्पीकिंग इंस्टिट्यूट एवं राइजर अकैडमी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन शहर में अच्छा काम करने वाले शहर के वरिष्ठ समाजसेवी को सम्मानित किया गया दि ब्रिटिश इंग्लिश स्पीकिंग इंस्टिट्यूट एन कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर अलीम खान सर ने बताया कि इंस्टीट्यूट द्वारा यह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शहर में अमन एवं सद्भावना कायम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी सद्भावदूत महबूब आलम खान को उनकी पूरी टीम के साथ सम्मानित किया गया ज्ञात हो कि महबूब आलम खान हमेशा शहर में शांति अमन और सद्भावना के लिए प्रयासरत रहते हैं

जिसको देखते हुए आज उनको सम्मानित किया गया उन्हें सम्मानित करके हमारी पूरी टीम को यह गर्व है कि हमारी पूरी टीम ने शहर के ऐसे समाज सेवक को सम्मानित किया जो उसके असल हकदार हैं वह हर मुद्दे पर बे बाकी से अपनी बात रखते हैं और समाज हित में अनेक काम करते हैं इससे हमारे शहर कानपुर का गौरव बढ़ा है इन सभी कार्यों से प्रभावित होकर सम्मान किया श्री खान अपनी पूरी टीम के साथ हर मुद्दे पर मुखर होकर बोलने वाले सद्भावदूत महबूब आलम खान साहब महामंत्री सर्वधर्म महासभा एवं चीफ एडिटर कानपुर टुडे हिंदी दैनिक समाचार पत्र को शाल पहन कर बुके देकर सम्मानित किया इस मौके पर अखिल भारतीय सर्व धर्म महासभा की पूरी टीम को भी सम्मानित किया गया जिसमें हाजी सलीम शेर खान पंडित राजेश मिश्रा इस्लाम खान आजाद सरदार राजेंद्र सिंह नीटा पादरी मनोज सोलोमन अनवर उल हक मोहम्मद सरताज महताब आलम अंसारी गुफरान खान आदि को सम्मानित किया गया।

# पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने वृक्षारोपण के जरिए दिया धार्मिक समर्पण के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा थाना चकेरी परिसर में भगवान नीलकंठ (शिव) को समर्पित पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नीले फूल वाले नीलमोहर (जकरंदा) के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा ?वृक्षारोपण के माध्यम से समाज में पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक समर्पण के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया नीलमोहर (जकरंदा) के नीले फूल भगवान नीलकंठ (शिव) के प्रतीक माने जाते हैं, जो इस वृक्षारोपण को और भी खास बनाते हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा नीले फूल वाले पौधों का चयन, न केवल धार्मिक बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए भी अहम बताया। इस वृक्षारोपण में स्थानीय समुदाय की भी भागीदारी रही, जिससे सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश फैलाया गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक चकेरी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर भाई के राखी न बंधवाने पर बहन ने फांसी लगा दी जान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाई ने राखी नहीं बंधवाई तो 14 साल की बहन ने फंदे से लटक कर जान दे दी। पिछले कुछ दिनों से भाई बहन में अनबन चल रही थी। सोमवार दोपहर बहन ने राखी बांधने की जिद की तो भाई उसे डांटकर ननिहाल चला गया। शाम को घर लौटा तो बहन का शव फंदे से लटकता देखा। फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना साढ़ थाना क्षेत्र के बैजूपुर गांव की है।बैजूपुर के शोभित (20) ने बताया- कुछ दिनों से उसका छोटी बहन शुभी से मामूली बात को लेकर अनबन चल रही थी। सोमवार को राखी के दिन उसे अपनी मां को लेकर ननिहाल फतेहपुर के अमौली थाना क्षेत्र के गंगूपुर गांव जाना था। दोपहर करीब एक बजे मां को लेकर जाने लगा तो शुभी ने राखी बंधवाने को कहा। इस पर उसने कहा कि अभी भद्रा चल रही है, लौटकर बंधवाएंगे। शुभी ने जिद की तो वह उसे डांटते हुए मां को लेकर बाइक से निकल गया। घर पर शुभी और उससे बड़ी बहन थी। शोभित ने बताया, इससे क्षुब्ध होकर शुभी ने छत के कमरे में जाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। देर शाम को जब वह लोग घर लौटे और छत पर गए तो बहन का शव देखा। घटना की सूचना के बाद गांव में रक्षा बंधन के दिन मातम पसर गया।

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि भाई ने पुलिस को बहन के फांसी लगाने की सूचना दी थी।

# कृषको को धान फसल हेतु वितरित किया खरपतवार नाशी दवा



कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर संचालित निक्रा परियोजना की उप परियोजना एससी एसपी योजना अंतर्गत धान फसल हेतु खरपतवार नाशी किसानों को वितरित की गई। प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि धान की खेती में रोग एवं कीट के अलावा खरपतवार भी बहुत अधिक नुकसान पहुंचाते हैं यह धान की पैदावार पर भी असर डालते हैं उन्होंने कहा कि खरपतवार को समय पर नियंत्रण नहीं किया गया। तब धान के विकास पर प्रभाव पड़ता है इसके साथ ही खरपतवार की वजह से विभिन्न कीटों का भी आकर्षण होता है।जो धान की फसल के लिए नुकसानदायक है डॉक्टर सिंह ने बताया कि धान फसल में यदि सही समय पर खरपतवार नियंत्रण नहीं किया गया तो फसल को 25 से 30त्न तक नुकसान की संभावना होती है। उन्होंने बताया कि कृषकों को इस नुकसान से बचने के लिए अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम औरंगाबाद में निक्रा परियोजना अंतर्गत धान फसल प्रदर्शन के लिए खरपतवार नियंत्रण विस्पायरीबैग दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान, पशुपालन वैज्ञानिक डॉक्टर शशिकांत, प्रसार वैज्ञानिक डॉ राजेश राय, गृह वैज्ञानिक डॉक्टर निमिषा अवस्थी सहित लगभग 60 किसान उपस्थित रहे।

# मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी करौंदा: डॉ. निमिषा अवस्थी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर की गृह वैज्ञानिक डॉ निमिषा अवस्थी ने बताया कि करोंदा मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है उन्होंने कहा की करौंदा एक झाड़ीनुमा पोधा होता है। करोंदे का प्रयोग अचार और सब्ज़ी बनाने में किया जाता है। इसका पोधा बीज से अगस्त या सितम्बर में 1.5 मीटर की दूरी पर लगाया जाता है इसका स्वाद खट्टा होता है स्वभाव से ये गर्म तासीर का होता है पके हुए करोंदे खाने में बहुत अच्छे लगते है करोंदा भूख को बढ़ाता है। और पित्त को शांत करता है यह ह्रदय के लिए लाभकारी होता है करोंदे खाने से रोगप्रतिरोधक क्षमता बड़ती है कैल्सीयम होने के कारण यह दांतों के लिए लाभकारी होता है यह मुख को स्वस्थ रखता है इसको खाने से बजन कम होता है तथा हड्डियों को मज़बूती एवं चमकती त्वचा, मुँहासे की रोकथाम, बालों का बडना आदि करोंदा पोषक तत्वों से भरपूर होता है इसमें प्रोटीन 1.1 से 2.2, विटामिन सी 1.6 से 17.9 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम, लोहा तत्व 39.1 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम, कैल्सीयम 21मिलीग्राम प्रति 100ग्राम, फ़ास्फोरस 38 मिलीग्राम प्रति 100ग्राम पाया जाता है।इसलिए ये स्वस्थ प्रतिरक्षा का निर्माण करता है ओर शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है साथ ही इसमें मोजूद लोहा हिमोगलोविन की कमी नही होने देता है एस प्रकार से करोंदा हमारे शरीर के लिए अति लाभदायक होता है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 10 स्पेशल ट्रेने



**यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे पूरी तरह से तैयार है**
**परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर इस बार परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए शासन के साथ-साथ अलग-अलग विभाग भी अपनी तैयारियां पूरी कर चुके हैं. कानपुर महानगर में भी परीक्षार्थियों को समय से उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए रेलवे द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रहीं जो कानपुर से आसपास के जनपदों में जाएंगी और परीक्षार्थियों को समय से उनके केन्द्रों तक पहुंचाने का काम करेंगी. यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल, गोविंदपुरी, पनकी धाम स्टेशन अनवरगंज से चलाई जा रही है जो लखनऊ, प्रयागराज, बांदा समेत आसपास के जनपदों के लिए जाएंगी। कानपुर से 10 स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी और जरूरत पड़ने पर ट्रेन के कोच भी बढ़ाए जाएंगे उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 23 अगस्त से किया जा रहा है. 23 अगस्त से 31 अगस्त तक पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन विभिन्न चरणों में होना है, जिसके लिए इस बार परीक्षार्थियों को आने-जाने में कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है. इसके लिए कानपुर से 10 स्पेशल ट्रेन संचालित होंगी. यह ट्रेन लखनऊ, प्रयागराज, झांसी, अलीगढ़, बांदा समेत आस पास के लिए जनपदों पर चलाई जाएंगी. इसके साथ ही अगर किसी रूट पर और अधिक परीक्षार्थी मिलते हैं, तो उस रूट के लिए भी ट्रेन के रूट में इजाफा भी किया जा सकता है.कानपुर सेंट्रल रेलवे के सीटीएम आशुतोष सिंह ने गुरुवार को आज आरपीएफ जीआरपी और रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक करी बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है. पीएससी बल की एक बटालियन भी आ चुकी है। स्टेशन में यात्रियों को रुकने से लेकर यात्रियों को आसानी से उनके गंतव्य तक पहुंचाने की तैयारी की गई है। बड़ी संख्या में परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन आते हैं इसलिए उनके रुकने के लिए भी रेलवे के बाहर की तरफ स्पेशल हॉट तैयार किया गया है. जहां पर यात्री रुक सकते हैं. इसके साथ ही 10 स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएंगी, जो आसपास के जनपदों के परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य तक आसानी से पहुंचाएंगी प्लेटफार्म पर जीआरपी आरपीएफ पुलिस तैनात रहेगी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करी



# नगर निगम में विजिलेंस का छापा


**अपर नगर आयुक्त के पीए राजेश यादव को टीम ने लिया हिरासत में**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को अपर नगर आयुक्त फर्स्ट आवेश खान के कार्यालय विजिलेंस टीम पहुंची। यहां पर बैठे पीए/लिपिक राजेश यादव को विजिलेंस टीम अपने साथ ले गई। इस दौरान राजेश यादव अन्य कार्मिकों के द्वारा विरोध किया गया लेकिन टीम ने अपना परिचय पत्र दिखाया। बताया जा रहा है कि राजेश यादव की मृतक आश्रित के तहत नौकरी लगी थी। उनके पिता राम रतन यादव पहले नगर निगम में केयर टेकर रहे हैं। सूत्रो से खबर है कि मृतक आश्रित और फंड पेंशन भुगतान के मामले में कुछ गड़बड़ी के आरोप हैं। इस पर यह कार्रवाई की गई है, राजेश यादव, विज्ञापन विभाग में भी तैनात हैं। नगर निगम में हड़कंप मचा है।

# सुदीप गोयनका स्वर्ण पदक से सम्मानित

**गोल्डी मसाले के प्रबन्ध निदेशक सोम गोयनका के पौत्र हैं समर्थ सुदीप गोयनका**





कानपुर।गोल्डी मसाले के प्रबन्ध निदेशक सोम गोयनका के पौत्र समर्थ सुदीप गोयनका जो सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल कानपुर के कक्षा-1 के छात्र है, को हिन्दी विकास मंच द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड 2023-24 में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। समर्थ सुदीप गोयनका गोल्डी मसाले के निदेशक सुदीप गोयनका के पुत्र हैं।

# जिला पंचायत सदस्य ने सड़क निर्माण का कराया शुभारंभ



**350 मीटर लम्बी सड़क बनवाई गई**
**नागरिक बोले आजादी के बाद ग्रामीणों को अभी तक नहीं मिला था पक्का रोड, ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बोला थैंक यू**

बिल्हौर( कानपुर )। बरंडा जिला पंचायत सदस्य के प्रस्ताव पर जमुनिया पुरवा से खोसापुरवा के बीच 350 मीटर सीसी सड़क मार्ग जिला पंचायत द्वारा शुरू हो गया। जिससे ग्रामीणों को अब आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। हरी झंडी दिखाकर सड़क का शुभारंभ किया गया। और ग्रामीणों को मिठाई बांटी गई। जिला पंचायत सदस्य महमूद अली ने बताया कि आजादी के बाद से ग्रामीणों को पक्की सड़क नहीं मिली थी। ग्रामीणों के कहने पर प्रस्ताव बनाकर भेजा था जो स्वीकृत हुआ। पक्की सड़क बनने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए जिला पंचायत सदस्य को थैंक यू बोला। इस दौरान ग्राम प्रधान सुशील कुमार यादव, रामू कटियार, बलवान सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# पैसे नहीं देने पर युवक को बेल्ट से पीटा, 5 पुलिसकर्मियों की जांच होगी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कल्याणपुर थाना में एक महिला ने पुलिस पर बेटे से बर्बरता करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है, पुलिस ने जबरन बेटे को उठाया। उसके बाद छोड़ने के लिए पैसे मांगे। पैसे न देने पर बेल्ट की पिटाई की और थाने में जूते से पानी पिलाया। विरोध करने पर महिला का हाथ पकड़कर भी खींचा। महिला ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की। इसके बाद डीसीपी ने 5 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के बयान दर्ज करने के साथ ही थाने और चौकी के सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं।दयानंद विहार की रहने वाली महिला ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र दिया। पत्र के अनुसार बेटा ई-रिक्शा चलाता है। 17 अगस्त की शाम 7.30 बजे सवारी बैठाने को लेकर मोहल्ले के ऑटो चालक से उसकी कहासुनी हो गई थी। इस बात की उसने कल्याणपुर थाने की चौकी नवशीलधाम में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद ऑटो चालक ने मेरे बेटे से माफी मांग ली। दोनों में समझौता हो गया। चौकी इन्चार्ज दिनेश कुमार ने कहा, बिना चौकी में पैसे दिए तुम लोगों को यहां से छोड़ेंगे नहीं।बेटे ने चौकी इन्चार्ज से कहा, जब हम लोगों ने आपस में समझौता कर लिया है, तो आपको पैसे क्यों दें? इस बात पर चौकी इन्चार्ज भड़क गए। उन्होंने चौकी में बैठे अन्य दो दरोगा दिनेश कुमार यादव और सिपाही संजीव को बुला लिया। उस समय दोनों चौकी के पीछे कमरे में शराब पी रहे थे। उन लोगों ने भी उनसे कहा, तुम लोगों को 10 हजार देने ही पड़ेंगे, नहीं तो तुम लोगों को छोड़ेंगे नहीं। बेटे ने इसका विरोध किया तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए चौकी में अंदर खींच लिया और पिटाई करने लगे। मैंने बेटे को छुड़ाने के लिए पैरवी की, तो उसे लात-घूसों और डंडों से पीटा। उसके बाद जूते में पानी भरकर पिलाया।पुलिस कमिश्नर ने महिला की शिकायत पर कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर सिंह, चौकी इंचार्ज नवशीलधाम दिनेश कुमार अन्य दो दरोगा और एक सिपाही संजीव के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट में गर्भवती की हालत गंभीर 4 पर किया गया केस दर्ज

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात।मंगलपुर थाना क्षेत्र के ररौंख निवासी अनुसूचित महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही अवधेश मिश्रा, उनके पिता अनिल मिश्रा, रामशरण व एक अज्ञात युवक ने बेवजह धारदार हथियार लेकर गालीगलौज करते हुए हमला बोल दिया। जिसमें एक गर्भवती के चोट लगने से रक्तस्राव होने लगा। परिजन उसे सीएचसी हवासपुर ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की।

## डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने घंटाघर चौराहे का किया निरीक्षण



कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने दूसरी पाली की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा समाप्त होने के बाद कानपुर नगर के घंटाघर और रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस बल के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि यातायात सामान्य रूप से चल रहा है। इसके अलावा, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा रेलवे स्टेशन और घंटाघर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन बनाए रखने और अपने कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।

# ज्वैलर्स शॉप से चोरों ने शटर तोड़कर बीस लाख की लूट

बीपीएस न्यूज

कानपुर।।ज्वैलर्स की दुकान में चोरों ने शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर यहां से 70 हजार रुपए की नगदी समेत लगभग बीस लाख के जेवरात चोरी करके फरार हो गए।दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे डीसीपी साउथ ने जांच पड़ताल की है। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए है। गल्ला मंडी निवासी प्रभुदयाल ने बताया कि उनकी बिधनू थाना क्षेत्र के रमईपुर कस्बे में मार्केट स्थित है। मार्केट के आधे हिस्से में एसबीआई बैंक और आधे हिस्से में बनी दुकानें किराए पर उठी हुई है। दो दुकानों पर उनके बेटे शैलेंद्र ने आर के ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। जाजमऊ निवासी कारीगर उमेश कुमार चौरसिया काम करता है। कभी-कभी बेटे के साथ वह भी दुकान पर बैठते है। शैलेंद्र ने बताया कि रोजाना की तरह देर शाम वह दुकान बंदकर वापस घर चले गए थे। देर रात मार्केट के पिछले हिस्से से दाखिल हुए अज्ञात चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखे लगभग 12 किलो के चांदी के जेवरात और लगभग तीन सौ ग्राम सोने के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। यहां पर लॉकर में रखे लगभग 70 हजार रुपए नगद भी चोरी कर ले गए।शनिवार सुबह जब व्यापारी दुकान में पहुंचा, तो शटर का ताला टूटा देखा। तुरंत फोनकर पुलिस को घटना की सूचना दी।बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा। ज्वैलर्स की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोर अपने साथ चोरी कर ले गए है। चोरों ने यहां पर लगा एक कैमरा भी खोलकर ले गए है। जांच पड़ताल करने के साथ दुकानदार ने घटना की जानकारी जुटाई है।

## धरने में पार्टी के मुट्ठी भर लोग ही जुट सके

बिल्हौर। कितना अजीब इत्तेफाक है कि अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी बिल्हौर विधानसभा से समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम के धरने में संगठन का कोई भी मुख्य पदाधिकारी नहीं शामिल हुआ। पार्टी के मुट्ठी भर लोग ही धरना स्थल के इर्द-गिर्द बने रहे। चर्चा रही कि कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने वाला बिल्हौर विधानसभा का एक मुख्य पदाधिकारी भी धरना स्थल में दूर-दूर तक नहीं शामिल हुआ। जिससे लोगों के जेहन में तरह-तरह के सवाल तैरते रहे। अन्य दल के संगठनों ने जरूर सपा नेत्री के धरने पर जाकर समर्थन किया। अपने आपको सपा मुखिया अखिलेश यादव का करीबी बताने वाले कथित नेता भी भूमिगत बने रहे।

# रात में भूख हड़ताल खत्म कराने पहुंची कार्यपालक मजिस्ट्रेट

**रचना सिंह के पति पंकज को लिया हिरासत में**
**तहसील परिसर में निश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी थी सपा नेत्री**
**तबियत खराब होने चेते अफसर**



बीपीएस न्यूज

बिल्हौर( कानपुर )। तहसील अधिकारियों पर गलत ढंग से कोटा निरस्त करने का आरोप लगाकर भूख हड़ताल पर बैठी सपा नेत्री की तीसरे दिन तबियत बिगड़ने पर अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर धरना खत्म कराया और उनके पति को हिरासत में ले लिया।

मालूम हो कि कुछ दिन पहले रचना सिंह ने अरौल की राम बेटी को न्याय दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन धरना दिया था। जिलाधिकारी के आश्वासन पर धरना समाप्त किया था। आरोप है कि मामले में कोई सुनवाई न होने पर अधिकारियों को चेतावनी देते हुए रचना सिंह 21 अगस्त को दोबारा भूख हड़ताल पर बैठ गईं। उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए लगातार तहसीलदार बिल्हौर व एसीपी धरना खत्म करने की रिक्वेस्ट कर रहे थे। लेकिन रचना सिंह व पति पंकज सिंह,राम बेटी ने किसी की नहीं सुनी। गुरुवार की देर रात अचानक उनकी तबियत खराब होने लगी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। एसडीएम रश्मि लांबा के आदेश पर शुक्रवार को बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टरों की एक टीम चेकअप करने धरना स्थल पहुंची और जरुरी ट्रीटमेंट किया। रचना सिंह की हालत ज्यादा खराब होने पर करीब 10बजे एसीपी पनकी( कार्यपालक मजिस्ट्रेट), एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी , तहसीलदार तिमिराज सिंह, इंस्पेक्टर बिल्हौर अशोक कुमार सरोज, अरौल इंस्पेक्टर अखिलेश पाल भारी फोर्स के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। कार्यपालक मजिस्ट्रेट एसीपी पनकी ने रिक्वेस्ट की कि आप धरना खत्म करें जान है तो सब कुछ है। बता दे की भूख हड़ताल खत्म कराने के लिए प्रशासन रचना सिंह के लिए जूस भी लेकर पहुंचा था।करीब 20 मिनट तक प्रशासन ने रिक्वेस्ट की। लेकिन नहीं मानने पर रचना सिंह के पति पंकज सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं रचना सिंह व राम बेटी को उपचार के लिए एंबुलेंस से कानपुर भेज दिया। वहीं इस पूरे मामले में एसडीएम बिल्हौर रश्मि लांबा का कहना है कि अधिकारी राम बेटी से पूछताछ करना चाहते है। लेकिन कुछ लोग राजनीतिक रंग देकर जानबूझकर उनसे बात नहीं करने दे रहे हैं। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है।

## जिलाधिकारी उतरे नकलविहीन पुलिस परीक्षा भर्ती कराने को परीक्षा केंद्रों पर

कानपुर। आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा भर्ती को नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा आज शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज चुन्नीगंज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। इसी तरह पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश में हो रही आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के द्वितीय दिवस पर दक्षिण जोन के सभी 11 परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी करने व सभी अभ्यर्थियों से भर्ती परीक्षा बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने, अनावश्यक रूप से भीड़ को परीक्षा केंद्र के आसपास एकत्र न होने देने व परीक्षा को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आर्य कन्या इंटर कालेज गोविन्द नगर में एक अभ्यर्थी पैर में फैक्चर होने के बावजूद पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुआ। खाकी वर्दी पहनने का सपना सन्जोय इस युवा को वहां ड्यूटी पर कार्यरत आरक्षी प्रेमवीर सिंह और मुख्य आरक्षी मनोज कुमार ने सहारा प्रदान कर परीक्षा हाल तक पहुंचाने में मदद की।

# बच्ची की मौत पर जीडी गोयनका स्कूल को नोटिस

**जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मांगा जवाब**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। 15 अगस्त को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की छात्रा की मौत पर स्कूल को नोटिस जारी हुआ है। यह नोटिस जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि नोटिस के बाद अब स्कूल के प्रबंधक और प्रिंसपल को इस पूरी घटना की जानकारी शिक्षा विभाग को लिखित में देनी होगी। मांगे गए स्पष्टीकरण में जवाब संतोषजनक न होने पर विभागीय कार्रवाई भी स्कूल पर हो सकती है।

नोटिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना पर स्कूल से पूरा विवरण पूछा गया है। विभाग की ओर से नोटिस जारी की गई है। स्कूल को नोटिस मिलते ही उसका जवाब विभाग को प्रबंधक और प्रिसंपल को देना होगा। घटना के बारे में स्कूल की ओर से दी गई पूरी जानकारी के बाद उसे उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट के रूप में भेजी जाएगी। यदि स्कूल की ओर से घटना के बारे में किसी तरह के तथ्य को छुपाया जाता है तो उसकी भी जिम्मेदारी खुद स्कूल की ही होगी। इसी तरह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल की छात्रा की मौत की सूचना पर स्कूल को नोटिस जारी की गई है। नोटिस मिलते ही स्कूल प्रबंधक को घटना से संबंधित सभी तथ्य उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## पकड़ा गया अन्तर्राज्य गांजा तस्कर गैंग

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त साउथ व अपर पुलिस उपायुक्त साउथ के निर्देशन में व सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के निकट पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में उ0नि0 सैय्यद जुबैर शरीफ मय हमराहीयान के देखभाल क्षेत्र, शांति व्यवस्था ड्यूटी, रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन व शान्ति व्यवस्था ड्यूटी तथा रोकथाम बिक्री मादक पदार्थ आदि से गुजैनी पुलिस टीम द्वारा गुजैनी फुट ओवरब्रिज के पास चौकी क्षेत्र तात्याटोपे नगर थाना गुजैनी नगर से 02 नफर अभियुक्तगण को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया।

## कोलकाता: ट्रेनी डाक्टर मर्डर केस

# सुप्रीम कोर्ट ने प्राचार्य से लेकर सरकार तक से किया सवाल






कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना के बाद से डॉक्टर सड़कों पर हैं। पश्चिम बंगाल समेत देशभर की तमाम अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। उधर कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई मांमले की जांच में जुटी हुई है। अब यह मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक भी पहुंच गया है।

शीर्ष अदालत ने जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या और अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले पर स्वत- संज्ञान लिया जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में पीड़िता की पहचान उजागर होने पर चिंता जाहिर की। साथ ही केस में पुलिस जांच से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका तक पर सवाल उठाए। कोर्ट ने मामले में आठ सदस्यीय टास्क फोर्स के गठन का फैसला किया है।आइये जानते हैं कि कोलकाता के अस्पताल का मामला क्या है? सुप्रीम कोर्ट कैसे पहुंचा मामला? सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा? टास्क फोर्स में किसे रखा गया है? टास्क फोर्स क्या करेगी? सीजेआई ने क्या कहा?

### अदालत ने टास्क फोर्स को कुछ खास बातों को ध्यान में रखने का निर्देश

- आपातकालीन कक्ष के क्षेत्रों को अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत का अध्ययन
- हथियारों के प्रवेश को रोकने के लिए सामान की जांच
- रोगी के साथ एक सीमा से अधिक लोगों का प्रवेश रोकना
- भीड़ को प्रबंधित करने के लिए सुरक्षा
- डॉक्टरों के लिए विश्राम कक्ष और डॉक्टरों, नर्सों के आराम के लिए स्थान होना चाहिए
- बायोमेट्रिक्स और चेहरे की पहचान (फेस रिकग्निशन) की व्यवस्था
- सभी क्षेत्रों में उचित प्रकाश व्यवस्था, सभी स्थानों पर सीसीटीवी लगाना
- चिकित्साकर्मियों के लिए रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक परिवहन
- तनाव और संकट से निपटने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन
- संस्थागत सुरक्षा उपायों की त्रैमासिक ऑडिट
- आने-जाने वालों की संख्या के अनुरूप पुलिस बल की तैनाती
- पॉश अधिनियम चिकित्सा संस्थाओं पर लागू होता है, इसलिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा
- चिकित्सा पेशेवरों की आपातकालीन स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया जाएगा।
- टास्क फोर्स में किसे रखा गया है?

डॉ. एमश्री निवास, निदेशक, एम्स दिल्ली
- डॉ. नागरेश्वर रेड्डी, प्रबंध निदेशक, एशियन
- इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोलॉजी
- आरती सरीन, सर्जन वाइस एडमिरल
- डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, निदेशक, एम्स जोधपुर
- डॉ. सौमित्र रावत, प्रबंध सदस्य गंगाराम अस्पताल
- डॉ. प्रतिमा मूर्ति, एनआईएमएचएएनएस, बंगलूरू
- प्रो. अनीता सक्सेना, कॉर्डियोलॉजी हेड एम्स दिल्ली
- प्रो. पल्लवी सापरे, डीन ग्रांट मेडिकल कॉलेज, मुंबई
- डॉ. पदमा श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजी विभाग एम्स

### कोलकाता के अस्पताल की घटना क्या है?

आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना 8-9 अगस्त की दरमियानी रात की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूनियर डॉक्टर 8 अगस्त को अस्पताल में रात की ड्यूटी कर रही थीं। रात 12 बजे के बाद उन्होंने दोस्तों के साथ डिनर भी किया।




इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। 9 अगस्त की सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। 10 अगस्त की सुबह महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोप में संजय रॉय नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक अज्ञात पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की गतिविधियां काफी संदिग्ध हैं और ऐसा लगता है कि वह सीधे तौर पर अपराध में शामिल है। आरोपी ब्लूटूथ हेडफोन के टूटे तार से पकड़ा गया था जो पुलिस को सेमिनार कक्ष में गिरा मिला था।

इस घटना के बाद बंगाल समेत देश भर में डॉक्टरों के विरोध- प्रदर्शन शुरू हो गए। इस बीच, 13 अगस्त को कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी।

केंद्रीय एजेंसी लगातार इस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस पूरे मामले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष लगातार सवालों के घेरे में है। एजेंसी कई बार घोष से पूछताछ कर चुकी है।

### सीजेआई द्वारा कही गई बड़ी बातें

- यदि महिलाएं अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित नहीं रह सकतीं तो संविधान के तहत समानता का क्या अर्थ है?
- मुझे इस बात पर गहरी चिंता है कि पीड़िता का नाम, उसकी फोटो और वीडियो मीडिया में प्रकाशित हो गए।
- कोलकाता पुलिस (अस्पताल पर हमले के दौरान) क्या कर रही थी?
- जब प्रिंसिपल का आचरण जांच के दायरे में है, तो उन्हें (संदीप घोष) तुरंत दूसरे कॉलेज का प्रिंसिपल कैसे नियुक्त कर दिया गया?
- हम डॉक्टरों से अपील करते हैं कि हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं।
- शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर पश्चिम बंगाल राज्य की शक्ति का इस्तेमाल न किया जाए।
- डॉक्टरों और महिला डॉक्टरों की सुरक्षा राष्ट्रीय हित का मामला है। देश कोई कदम उठाने के लिए एक और दुष्कर्म का इंतजार नहीं कर सकता।

### सुप्रीम कोर्ट कैसे पहुंचा मामला?

मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्वत- संज्ञान लेते हुए मंगलवार (20 अगस्त) को सुनवाई की। सीजेआई ने कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय इस पर सुनवाई कर रहा था लेकिन हमने स्वत: संज्ञान लेने का निर्णय क्यों लिया। ऐसा इसलिए क्योंकि यह सिर्फ कोलकाता के अस्पताल में हुई एक भयावह हत्या का मामला नहीं है... बल्कि यह पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बंगाल सरकार, पुलिस और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को लेकर कई सवाल उठाए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सवाल उठाया कि प्रिंसिपल ने इसे आत्महत्या का मामला कैसे बताने की कोशिश की। सीजेआई ने नियुक्ति को लेकर भी बंगाल सरकार से सवाल दागे। सीजेआई ने कहा कि जब प्रिंसिपल के आचरण की जांच हो रही है तो प्रिंसिपल को तुरंत दूसरे कॉलेज का प्रिंसिपल कैसे नियुक्त कर दिया गया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया है। यह टास्क फोर्स डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सुझाव देगी।

### टास्क फोर्स क्या करेगी?

सुप्रीम कोर्ट ने यह टास्क फोर्स डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर बनाई है। यह टास्क फोर्स डॉक्टरों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर पहल करेगी। डॉक्टरों और अस्पतालों में मौजूद सुरक्षा इंतजामों को परखेगी। साथ ही चिकित्सकों के खिलाफ बढ़ रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुझाव देगी। कोर्ट ने टास्क फोर्स को तीन सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट देने के लिए कहा है। साथ ही दो महीने में फाइनल रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।

## 17 सितंबर को इस्तीफा देंगे पीएम मोदी? इस दावे ने देश दुनिया में मचाई हलचल



4 जून के बाद से क्या पीएम मोदी की कुर्सी खतरे में है? इसी एक सवाल को लेकर देश की राजनीति घूम रही है। विपक्ष की तरफ से लगातार मोदी 3.0 को बैसाखियों की सरकार बताया जा रहा है। साथिया दवा भी किया जा रहा है कि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार कभी भी मोदी सरकार से समर्थन वापस लेकर इसे गिरा सकते हैं। फिर वक्त बोर्ड बिल को जेपीसी के पास भेजना हो या फिर लैटरल एंट्री वाले विज्ञापन को वापस लेना इस सरकार में कई ऐसी चीज देखने को मिली जो इससे पहले के मोदी सरकार के पहले और दूसरे कार्यकाल में देखने को नहीं मिली थी। लेकिन अब पीएम मोदी के प्रधानमंत्री की कुर्सी को लेकर एक बड़ा दावा किया जा रहा है। राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और कई बड़े कुलसी करने वाले राजनेता जिनकी भविष्यवाणी को पहली नजर में नजरअंदाज तो बिल्कुल ही नहीं किया जा सकता है।

राजनीति के अंदाज के लिए जो अपने बयानों के लिए मशहूर है जो राजनीति में हलचल पैदा करने के लिए मशहूर है। वह बीजेपी में है लेकिन पीएम मोदी पर जुबानी प्रहार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। दीवार तो जैसे हमेशा से उनके निशाने पर ही रहा है। मोदी 3.0 को रात की सांस भी नहीं लेने देते हैं। 17 सितंबर की रात ऐसा क्या होने वाला है कि प्रधानमंत्री का चेहरा ही बदल जाएगा और अबकी बार बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर एक पोस्ट लिखा जिसने अटकलें का बाजार गर्म कर दिया है।बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यदि मोदी आरएसएस प्रचारक के संस्कार के प्रति प्रतिबद्ध होकर 17 सितंबर को अपने 75वें जन्मदिन के बाद मार्गदर्शक मंडल में जाने के लिए रिटायरमेंट का ऐलान नहीं करते हैं तो वे अन्य तरीकों से अपनी पीएम कुर्सी खो देंगे। बता दें कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है। जिसके साथ ही वो 75 साल के हो जाएंगे।

गौरतलब है कि सुब्रमण्यम स्वामी एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं जिनके बारे में राजनीतिक जगत कहा जाता है कि नहीं इनकी ज्यादा दुश्मनी अच्छी है और नहीं ज्यादा दोस्ती। इतिहास गवाह है कि सुपरमैन स्वामी जी किसी व्यक्ति से खफा हो जाते हैं उसे तब तक नहीं छोड़ते जब तक की सिखा दे राजनीतिक पंडितों के माने तो सुब्रमण्यम स्वामी में चाणक्य और नारद दोनों का ही वास है। जयललिता के पीछे पड़े तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा तक देना पड़ा। परिवार की मुश्किलें इतनी बढ़ा रखी है कि आए दिन उन्हें कोर्ट कचहरी का चक्कर काटना पड़ता है। है लेकिन मोदी 3.0 को गिरने का एक भी मौका छोड़ते नहीं है।

## योगी के बुलडोजर ने धराशायी किया दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता का कोल्ड स्टोरेज



कन्नौज। समाजवादी पार्टी के बड़े नेता और कन्नौज की सांसद डिम्पल यादव के सांसद प्रतिनिधि रह बताये जाने वाले किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव का साथ देने वाले उसके एक रिश्तेदार के कोल्ड स्टोरेज पर प्रशासन का बुलडोजर चला है।

वैसे कन्नौज के तिर्वा तहसील के बलनापुर गांव में यह कोल्ड स्टोरेज नवाब सिंह का बताया जा रहा है। आरोप है कि ग्राम समाज की जमीन पर नवाब सिंह ने अपने रिश्तेदार के नाम से यह कोल्ड स्टोरेज संचालित किया है। बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्री आदि गिराई गई।

गौरतलब हो, दस अगस्त की रात तिर्वा कोतवाली के एक गांव में रहने वाली 38 वर्षीय महिला अपनी 15 वर्षीय भतीजी के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के चौधरी चंदन सिंह डिग्री कालेज पहुंची थी।

यहां रात दो बजे किशोरी ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी थी कि कालेज का संचालक नवाब सिंह उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा है। इससे पुलिस ने दबिश देकर आपत्तिजनक हालत में नवाब सिंह को गिरफ्तार कर लिया था।

इस दौरान पीड़िता की बुआ ने आरोपित का बचाव करते हुए तहरीर देने से इन्कार कर दिया था, लेकिन पीड़िता ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 12 अगस्त को पीड़िता ने कोर्ट में पूर्व ब्लाक प्रमुख द्वारा दुष्कर्म करने के बयान दर्ज कराए थे। पीड़िता के माता-पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म में उसकी बुआ का सहयोग करने की बात कही थी। इससे पुलिस ने उसे भी मुल्जिम बनाया था। इसके बाद से बुआ फरार हो गई थी।

## मुस्लिम टीचर हिंदू छात्रों को नहीं लगाने देती तिलक, मुस्लिमों को टोपी लगाने को कहती, जबरदस्ती पढ़वाती नमाज

उत्तर प्रदेश के बिजनौर के सरकारी स्कूल में एक मुस्लिम टीचर्स ने ऐसा फरमान सुनाया कि सुनकर हर कोई हैरान रह गया. मामला जब अधिक बढ़ा तो जांच के भी आदेश दिए गए. आइए जानते हैं पूरा मामला.



**मुस्लिम टीचर करती हैं तिलक लगाने से मना**

यूपी में बिजनौर जिला के बनेड़ा के उच्च माध्यमिक विद्यालय के हिंदू छात्रों ने आरोप लगाया है कि उनको तिलक लगाकर स्कूल आने की अनुमति नहीं, ऐसा करने पर उनका तिलक मिटा दिया जाता है, जबकि मुस्लिम छात्रों को टोपी पहनकर आने के लिए कहा जाता है. वहीं उनको जबरदस्ती जुमे की नमाज पढ़ाने मस्जिद ले जाया जाता है. मामला सामने आने पर बीएसए ने जांच बैठाई है.

**मुस्लिम को टोपी पर नहीं रोका जाता**

न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, क्लास सिक्स के छात्र मयंक ने बताया कि तिलक लगाकर आने के लिए उनकी अध्यापिका आयशा ने मना किया था. वो सभी को तिलक लगाकर आने से रोकती हैं, लेकिन कुछ छात्र टोपी पहनकर आते हैं, तो उनको नहीं रोका जाता.

**चोटी रखने पर भी मनाही**

मामले को लेकर आरएसएस के खंड कार्यवाह रोहित ने बताया कि हमारे शाखा में 50 बच्चे आते हैं. उन्होंने मुझे बताया कि मुस्लिम बच्चे टोपी लगाकर आते हैं, तो टीचर द्वारा उन्हें नहीं रोका जाता, लेकिन चोटी रखने और तिलक लगाकर आने के लिए हिन्दू बच्चों को मना किया जाता है.बीएसए ने मामले को संज्ञान में लिया और विद्यालय का निरीक्षण कर जांच का आदेश दिया है. बीएसए योगेंद्र कुमार ने कहा कि मामले की जांच तत्काल प्रभाव से एबीएसए को सौंप दी गई है. बीएसए का कहना है कि मुस्लिम शिक्षक को स्कूल में प्रापर ड्रेस मे आना चाहिए.

## सरकार नहीं राजी तो क्या करेगा काजी? मुस्लिम शादियों को लेकर असम में बड़ा फैसला

एक कहावत है कि अगर 'मियां बीबी राज़ी' तो क्या करेगा काज़ी? ये बात अब असम के काजियों पर जल्द लागू हो सकती है. क्योंकि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई वाली राज्य सरकार ऐसा बिल लाई है, जिससे काज़ी लोग मुस्लिम शादियों का रजिस्ट्रेशन नहीं करा सकेंगे. राज्य सरकार के इस बिल के पास होने के बाद काज़ी की पावर खत्म हो जाएगी और शादी का रजिस्ट्रेशन सरकार के जरिए ही कराना होगा.सरमा ने कहा है कि उनकी सरकार गुरुवार को मुस्लिम लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए विधानसभा के पटल पर एक विधेयक पेश करेगी. असम कैबिनेट की बैठक के बाद हिमंत ने कहा, 'सरकार आगामी सत्र के दौरान असम मुस्लिम विवाह अनिवार्य पंजीकरण और तलाक विधेयक, 2024 पेश करेगी'. आपको बताते चलें कि इससे पहले मुस्लिम निकाह काजियों द्वारा पंजीकृत किए जाते थे. लेकिन, इस नये विधेयक से यह सुनिश्चित होगा कि समुदाय में होने वाले सभी विवाह सरकार के समक्ष पंजीकृत होंगे. 'क्या करेगा काजी ?सीएम सरमा ने यह भी दावा किया कि पहले काजियों द्वारा नाबालिगों की शादियों का भी पंजीकरण किया जाता था, लेकिन प्रस्तावित विधेयक ऐसे किसी भी कदम पर रोक लगाएगा. उन्होंने मंत्रिमंडल के फैसलों का हवाला देते हुए कहा, 'अब नाबालिगों की शादी का पंजीकरण बिल्कुल नहीं होगा. हम बाल विवाह की कुप्रथा को खत्म करना चाहते हैं. इसलिए, विवाहों का पंजीकरण उप-पंजीयक कार्यालय में किया जाएगा.' शर्मा ने कहा कि विवाह समारोहों के दौरान मुसलमानों द्वारा अपनाई जाने वाली रस्मों पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन काजियों द्वारा पंजीकरण पर रोक लगाई गई है.

**प्रमुख प्रावधान**इस बिल के प्रमुख प्रावधान की बात करें तो अब राज्य में हर मुस्लिम शादी का रिकॉर्ड सरकार के पास होगा. निकाह और तलाक दोनों सरकार के इस नए नियम कायदे के हिसाब से रजिस्ट्रेशन के तहत होगा.मंत्रिमंडल ने पिछले महीने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और 1935 के नियमों को निरस्त करने के लिए उस विधेयक को मंजूरी दी थी, जिसके तहत विशेष परिस्थितियों में कम उम्र में विवाह की अनुमति मिलती थी. मंत्रिमंडल के अन्य निर्णयों के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में भूखंड संरक्षित हैं, लेकिन सीमांकित क्षेत्रों के बाहर नहीं. उन्होंने कहा, 'इसलिए, हमने आदिवासी क्षेत्रों के बाहर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के गांवों के साथ सूक्ष्म आदिवासी क्षेत्र बनाने का फैसला किया है. क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक मंत्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया है.' शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार ने कम से कम 250 साल पुरानी प्रतिष्ठित संरचनाओं और उसके आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए मौजूदा असम भूमि राजस्व और विनियमन अधिनियम, 1886 में एक नया खंड जोड़ने का फैसला किया है.



# बख्शे न जाएं गरीबों को उजाड़ने का दुस्साहस करने वाले: सीएम योगी





- गोरखपुर के जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने
- जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराए जाएं पीएम-सीएम आवास योजना से पक्के मकान
- समयबद्ध और निष्पक्ष होना चाहिए जनता की समस्याओं का निस्तारण

बीपीएस न्यूज

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि गरीबों को उजाड़ने का दुस्साहस करने वाले माफिया, दबंगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम योगी ने उक्त निर्देश मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जमीन कब्जा किए जाने की कुछ शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

## दंगल के दौरान दो पक्षो में हुई जमकर मारपीट, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बीपीएस न्यूज

उन्नाव। रक्षाबंधन पर्व के दिन गंगाघाट अंतर्गत मकैया ताल के पास आयोजित एक दंगल के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। पारंपरिक खेल के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर विवाद होने लगा। इस दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि स्थिति पूरी तरह से अनियंत्रित हो गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सोमवार को रक्षाबंधन पर्व के दिन मकैया ताल के पास दंगल का आयोजन था। इस दौरान किसी बात की लेकर दो पक्षों विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

जिसमें झगड़े के दौरान लोगों के द्वारा मारपीट की गतिविधियों को साफ देखा जा सकता है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला कर रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है दंगल का आयोजन स्थानीय परंपरा के अनुसार होता है।

## अराजकतत्वों ने मंदिर की मूर्तियां तोड़ी...बजरंगियों और ग्रामीणों ने हंगामे करते हुए रोड किया जाम

बीपीएस न्यूज

फतेहपुर बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरवेशाबाद गांव में बीती रात कुछ अराजकतत्वों ने मंदिर में स्थापित राम दरबार की मूर्तियों को तोड़कर खंडित कर दिया। मंगलवार की सुबह मंदिर में पूजा करने पहुंचे ग्रामीणों ने जब देखा, तो घटना की जानकारी हुई। मंदिर के बाहर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

जानकारी पर बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव पहुंचे। इसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बिंदकी-कुंवरपुर रोड जाम कर दिया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक जाम लग रहा। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मांग किया कि मंदिर में नई मूर्ति स्थापित करवाई जाएं। साथ ही मूर्ति तोड़ने वालों का पता लगाकर जल्द से जल्द कार्रवाई हो। जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडे और नायब तहसीलदार अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। इसके बाद जाम खुलवाया जा सका। काफी देर तक अधिकारियों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से बातचीत कर जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

बीपीएस न्यूज

अम्बेडकर नगर। छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त हरिश्याम यादव को मंगलवार की रात में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की चार टीमें अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी।

बता दें कि सामूहिक दुष्कर्म की शिकार खुदकुशी करने वाली छात्रा का बीते सोमवार को कम्हरिया घाट स्थित श्मशान घाट पर अंतेष्टि की गई। वहीं मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक के साथ क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात किया और उनका ढांढस बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित पिता को आश्वस्त किया कि अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। सामूहिक दुष्कर्म के बाद फांसी लगाकर जान देने वाली छात्रा के घर राजनीतिक दलों के लोगों का तांता लगा हुआ है। पूर्व सांसद व भाजपा नेता रितेश पांडेय ने पीड़ित के घर पर जाकर परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने दर्ज मुकदमें में सामूहिक दुराचार की धारा बढ़ाने और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। पुलिस ने दर्ज मुकदमें में सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ दो नामजद आरोपी को बीते सोमवार को गिरफ्तार कर लिया था।

राजेसुल्तानपुर पुलिस ने हिरासत में लिए गए दो नामजद आरोपितों को जेल भेजने के साथ तीसरे अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की चार टीमों को लगायी थी। जिसे मंगलवार की रात को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। राजेसुल्तानपुर पुलिस ने सत्यम यादव उर्फ भोला यादव और समीर खान और हरिश्याम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व सांसद रितेश पांडेय, आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त ने पीड़ित परिवार से मुलाकता कर उनका ढांढस बढ़ाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया है। एसपी ने उप निरीक्षक को किया लाइन हाजिर-राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के भभौरा गांव निवासिनी छात्रा के साथ तीन युवकों ने 16 अगस्त की रात्रि में सामूहिक दुष्कर्म कर 17 अगस्त को दिन में 11 बजे सीमावर्ती जनपद आजमगढ़ के अतरौलिया थाना क्षेत्र के पचरी भगतपुर में स्थित जूनियर हाईस्कूल के पास घायलावस्था में छोडकर चले गए थे।

# अब नर्स से हैवानियत

## वार्डबॉय जबरदस्ती उठाकर कमरे में ले गया, चिकित्सक ने किया दुष्कर्म

### मामले में पुलिस ने डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों से पूछताछ की जा रही है

बीपीएस न्यूज

मुरादाबाद( यूपी )। एक निजी अस्पताल में शनिवार की रात डॉक्टर ने नर्स को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। रविवार सुबह घर पहुंची नर्स ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने नर्स के पिता की तहरीर पर डॉक्टर सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बिलारी



थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी ठाकुरद्वारा- काशीपुर रोड स्थित एक अस्पताल में 10 माह से नर्स का काम कर रही है। शनिवार शाम करीब सात बजे उसकी बेटी ड्यूटी करने के लिए अस्पताल गई थी। आरोप है कि अस्पताल में ही तैनात एक नर्स ने साजिश के तहत बेटी से कहा कि उसे डॉ. शाहनवाज ने अपने कमरे में बुलाया है। बेटी ने डॉक्टर के पास जाने से मना किया तो वार्ड बॉय जुनैद और मेहनाज उसे जबरदस्ती डॉ. शाहनवाज के अस्पताल के ऊपर बने कमरे में ले गए और कमरा बाहर से बंद कर दिया। रात करीब 12 बजे डॉक्टर ने नर्स को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। साथ ही डॉक्टर ने जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। डॉक्टर ने नर्स का मोबाइल भी अपने कब्जे में ले लिया। रविवार सुबह अस्पताल की मुख्य नर्स आई तो पीड़िता ने उससे शिकायत की तो उसे घर भेज दिया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने डॉ. शाहनवाज निवासी राजपुर केसरिया, नर्स मेहनाज और वार्ड बॉय जुनैद के खिलाफ दुष्कर्म, एससी-एसटी एक्ट और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। नर्स व वार्ड बॉय को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने कहा कि अभी पीड़िता के बयान नहीं दर्ज हुए हैं। ठाकुरद्वारा की घटना संवेदनशील है। पीड़िता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की गई। तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दम्पत्ति ने घर में फंदा लगाकर की खुदकुशी

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के मुंगराव गांव में नव विवाहित दंपति ने एक ही साड़ी के दो किनारों से फंदा बनाकर पंखे से लटक गया।

इससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिवार वालों को सुबह हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पाकर विवाहिता के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सहमति के आधार पर दोनों के शवों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई।

हंडिया थाना क्षेत्र के मुंगराव में यह सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।

मुंगराव गांव निवासी रविंद्र सिंह उर्फ विपिन (26) पुत्र जगत बहादुर सिंह की शादी नेहा सिंह (23) पुत्री भद्दर सिंह निवासी गांव रैपुरा तनरिया थाना मेजा के साथ करीब एक साल पहले हुई थी। रविंद्र सिंह वाराणसी में किसी प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते थे। रक्षाबंधन पर्व पर वह रविवार को गांव आए थे। नेहा के भाई लोग भी राखी बनवाने के लिए मुंगराव आए थे। त्योहार को सभी ने धूमधाम से मनाया।

## नगर निगम की जनसुनवाई से फरियादियों का मोहभंग

बरेली। नगर निगम की जनसुनवाई से फरियादियों का मोह भंग होता जा रहा है। मंगलवार को भी गिनती के फरियादी जनसुनवाई में पहुंचे। अधिकतर लोग समस्याओं को मेयर और अधिकारी के पास सीधे लेकर जा रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि लोग जनसुनवाई में जाना पसंद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है।

हर मंगलवार का दो घंटे तक जनसुनवाई का आयोजन नगर निगम में है। मंगलवार को अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने लोगों की फरियाद सुनी। दो घंटे के दौरान महज चार लोग समस्या लेकर आए। बिहारीपुर निवासी अश्वनी गुलाटी पुत्री नंदनी के साथ आए थे। बेटी दिव्यांग है और फड़ लगा पूरे परिवार का पिता भरणपोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी के नाम वेंडिंग जोन में दुकान आवंटित कराने के लिए छह माह से अधिक समय से नगर निगम और डूडा का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या निदान नहीं हो पाया है। आज कहा गया कि डूडा से काम होगा। पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने अधिकारियों को बताया कि बड़े नाले पर अतिक्रमण है, जिसे हटाने के लिए कई बार वह गुहार लगा चुके लेकिन नहीं हटा है। इसपर पार्षद ने नाराजगी भी जताई। कुछ अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। यह सुनकर कुछ देर तक अधिकारी भी अवाक रह गए।

## चाकू से गोदकर पिता ने ले ली बेटे की जान, रक्षाबंधन पर पत्नी के साथ आया था घर

बीपीएस न्यूज

रुदौली/अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र के रमई इंदारा गांव में एक व्यक्ति ने अपने ही बेटे को मौत के घाट उतार दिया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, इसके बाद शराब के नशे में धुत्त जगदीश रावत ने अपने 32 वर्षीय बेटे रिंकू रावत के गले पर चाकू से कई वार किया।

बेटा रक्षाबंधन पर घर आया था, वह बाराबंकी के दरियाबाद में नौकरी करता था।

पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पिता की तलाश कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पटरंगा थाना क्षेत्र के रमई इंदारा गांव रिंकू रावत परिवार के साथ रहता था। पिता और बेटे दोनों के अलग-अलग मकान हैं। मृतक रिंकू के तीन बेटे व दो बेटियां हैं। रिंकू बाराबंकी के दरियाबाद में एक मुर्गी फार्म पर नौकरी करता था। रक्षाबंधन का त्योहार होने पर घर आया था। पुलिस के मुताबिक पिता जगदीश रावत शराब के नशे में धुत था। इस दौरान मामूली बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता जगदीश ने बेटे पर चाकू से हमला कर दिया। पिता ने रिंकू के गले पर कई वार किया। इससे वह लहूलुहान हो गया। जिसे पास के चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ आशीष निगम ने बताया पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी मथुरा की तहरीर पर आरोपी ससुर जगदीश प्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

## लापरवाही के चलते कूड़े के ढ़ेर बने हजारों पौधे

- मलासा ब्लाक की ग्राम पंचायत ग्राम वन जरसेन में वृक्षारोपण अभियान की असलियत खुली
- ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की लापरवाही के चलते हजारों पौधे हुए बर्बाद
- वर्तमान ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ के द्वारा लगाएं पेड़ भी सूखे

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए जहां सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर के हर ग्राम पंचायत में पेड़ लगवाने में लाखों रुपए पानी की तरह हर ग्राम पंचायत में खर्चा किया वही ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की लापरवाही से वृक्षारोपण में लगने वाले पौधे कूड़े ढेर बन गए हैं । वही सचिव और प्रधान सरकारी योजनाओं को चूना लगाने में जुटे हैं। विकास खण्ड मलासा के ग्राम पंचायत जरसेंन गांव के आस पास सरकारी या गैर सरकारी संस्था पर लगाने के लिए सरकार की तरफ से पौधे वितरित किए गए थे लेकिन जिम्मेदार की लापरवाही और उदासीनता से पौधे कूड़े के ढेर में फेक दिया गए।



जिससे पौधे पूरी तरह से खराब हो गए हैं जहां पर रात्रि दिन एक करके मनरेगा योजना के अन्तर गत गड्ढा खोदे गये और उसमे वृक्षारोपण के लिए कई प्रकार की पौधे और कई प्रकार कई तरह के पौधे वितरित किए थे और वही वृक्षारोपण कार्यक्रम में 20/7 /2024 कार्यक्रम अभियान में मलासा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख और खण्ड विकास अधिकारी मलासा की ओर से और कई अधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान में अपनी जिम्मेदारी निर्भन किया था लेकिन जरसेन गांव में इनके द्वारा लगाया पेड़ भी सुख गए सबसे अहम बात तो है कि शासन से लेकर जिला प्रशासन के लाख प्रायसो के बाद भी लाखों के पेड़ ढ़ेर बन गए नरेगा योजना से खुदे गए गड्ढे जो कि इन्ही गड्ढों में पेड़ लगाने थी ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिव की उदासीनता और लापरवाही के चलते हजारों पौधे की थैलियां कूड़े के ढेर में फेंक दी गई जिसमे सरकारी धन का जमकर दुरपयोग किया गया।

## ट्रेन की टक्कर से पत्रकार की हुई मौत

बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। रूरा थाना क्षेत्र के रेलवे अंडरपास के पास वयोवृद्ध पत्रकार रजनीकांत दुबे सोमवार शाम करीब पांच बजे समाचार संकलन के लिए रूरा छोटे वाले अंडरपास गए हुए थे।यहां पर अंडरपास में ऊपर से फोटो खींचते समय वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए।जिसके चलते उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वहीं जिला प्रशासन से पत्रकार के पारिवारिक जनों को आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की गई है।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी रामगोविन्द मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



# सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए निर्णय के विरोध में निकाला विशाल जुलूस



कानपुर। विगत दिनों पूरे देश मे आरक्षण और क्रीमीलेयर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये निर्णय के विरोध मे विशाल जुलूस रैली तथा भारत बंद का कार्यक्रम रखा गया है इसी के तहत कानपुर में सभी अंबेडकर वादी मानवता वादी संगठनों ने सामूहिक रुप से कंपनी बाग चौराह स्थित विश्वरत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा से चलते हुये कमिश्नर आवास पुलिस कमिश्नर आवस कानपुर कोर्ट से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने से गुजरते हुए लगभग 25 हजार बहुजन समाज के लोग बडे हूजूम के साथ जुलूस लेकर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा फूलबाग मे जनसभा मे तब्दील हो गया।इस रैली में भारतीय दलित पैंथर, भारतीय बौद्ध महासभा भीम योद्धा, लक्ष्य, पासी महासभा, झलकारी बाई कोरी महा सभा, पिछड़ा महासभा, बामसेफ, भीम आर्मी, भिक्षु महासंघ, राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ, वाल्मीकि सुदर्शन महासभा, के अलावा सैंकडो की संख्या में अन्य संगठनों ने भाग लिया तथा रैली एक जनसभा में बदल गयी।सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 1अगस्त को दिये निर्णय में आरक्षण के वर्गीकरण तथा एस सी, एस टी, ओबीसी में क्रीमीलेयर लगाने के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से दिया गया है।इसके अलावा पूर्व मुख्य मंत्री बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी इस कार्यक्रम मे चढ बढ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पैंथर धनीराम बौद्ध ने किया। इस मौके बबली गौतम प्रदेश सचिव राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ के द्वारा बताया गया कि कोर्ट मे बैठे जज कोलिजियम के तहत आते हैं जिनके अंदर न्यायिक चरित्र नही होता है इसलिए आये दिन मनुस्मृति के तहत फैसले दे रहे हैं आगे बबली गौतम ने कहा कि हम आदरणीया बहन कुमारी मायावती का धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्होने बहुजन समाज पार्टी का समर्थन इस आंदोलन के लिये दिया है।इस मौके पर मुख्य रूप से रामनरेश, कुमार सुंदरम, हरिश्चंद्र, साजिद सर, शाकिर अली उस्मानी, आशोक कुमार, राधेश्याम भारतीय, इं ओपी सिंह, प्रशांत कुमार अरुण कुशवाह जीतू पैंथर, जीतू सोनकर दिलीप सिंह यादव, अतर सिंह यादव, इं कोमल सिंह, मनीषा पेंथर, सूनीता बौद्ध, विजय लक्ष्मी सावित्री, एड विजय सागर, एड आकाश सिंह बादल, चन्दहास, अहिरवार, आदिम महावीर कुरील, विनय सेन, पूर्व बसपा मेयर प्रत्याशी अर्चना निषाद, देवी प्रसाद निषाद सरदार सतनाम सिंह के अलावा बसपा की पूरी जिला यूनिट के साथ सभी सामाजिक अंबेडकर वादी संगठनो के पदाधिकारीगण तथा हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोठी वाले छोड़ें आरक्षण गरीब अति दलित वर्ग को मिले लाभ : रवि शंकर हवेलकर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में किए गए वर्गीकरण कर दिए गए कोटे में कोटा के समर्थन में जिला मुख्यालय महोबा में वंचित समाज अनुसूचित जाति कल्याण महासमिति के राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी के द्वारा जिलाधिकारी को 11 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया ।रवि शंकर हवेलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि 1 अगस्त 2024 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा छह जजों की खंडपीठ ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला सुनाया है। इस फैसले से संपूर्ण भारतवर्ष के अति दलित वर्ग मे हर्ष की लहर है तथा कोटे में कोटा दिए जाने का उन्होंने सुप्रीम कोर्ट एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यापित किया कुछ लोग अति दलित वर्ग जैसे बसोर. बाल्मीकि. धानुक. कठेरिया. डोम. डोमार महार. आदिवासी. हेला. कबूतर. बंजारा. बेन. बेनकर. बासकार. बरार. धरकार. बासफोर. घुमंतु. अर्ध घुमंतु आदि वंचित अति दलित जातियां जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक रूप से अत्यंत पिछड़ी हुई है तथा विषम परिस्थितियों का सामना कर रही है यह उन लोगों के उज्जवल भविष्य एवं सम्मानजनक जीवन जीने की गारंटी है। जिसे तथा कथित अंबेडकरवादी मायावती जो दलितों के नाम पर हमेशा वंचितों को ठगने का काम करती रही है. चिराग पासवान जो राजा की तरह जीवन जी रहा है और एक चंद्रशेखर रावण जिसे वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपना बेटा भाई मानकर चंदा देकर लाखों वोटो से जीताने का काम किया वह लोकसभा के अंदर हमारा विरोधकर अपनी असलियत दिखाने का काम कर रहा है। और आरक्षण का विरोध कर रहा है हमें ऐसे छद्म अंबेडकरवादीयो की वंचित दलित विरोधी मानसिकता को जनता के सामने लाना है।21 तारीख को होने वाले किसी भी तरह के प्रदर्शन बंद आंदोलन का समर्थन नहीं करना है। क्योंकि यह समर्थन इन्हीं संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों के शामिल का हिस्सा है। जिसमें हमारे वंचित अति दलित भाइयों का सहारा लेकर हमारे लोगों पर प्रहार किया जा रहा है। हमें होशियार रहना है और आने वाले समय में अपने हक अधिकार के लिए बड़े संघर्ष और आंदोलन के लिए तैयार रहना है।ज्ञापन प्रेषित करने वालों प्रमुख रूप से रवि शंकर हवेलकर शरीफ दयाल के. सी. बिछेले सोनू बिछेले बृजेश कुमार आर सागर कुणाल वाल्मीकि अजय नाहर शाहिद सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गंगा सेना ने चलाया गंगा स्वच्छता जागरूकता अभियान



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने सिल्वर ओक काकोरी कैंट, कानपुर मे गंगा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया।गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है।

इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के नायाब सूबेदार टेक बहादुर थापा और गंगा टास्क फोर्स के जवानो ने सिल्वर ओक स्कूल के विद्यार्थीयों साथ मिलकर स्कूल परिसर में पौधारोपण एवं पौधे वितरित किए और स्कूल परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को गंगा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया।

## दो दिनों से लापता बुजुर्ग का शव नदी में उतराता मिला

कानपुर। सजेती में जुगाड़ पुल पार कर रहे बुजुर्ग की नोन नदी में डूबकर मौत हो गई। बीते सोमवार दोपहर से लापता हुए बुजुर्ग का शव मंगलवार नदी में उतराता मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

सजेती के कोहरा गांव निवासी 60 वर्षीय किसान संतान सिंह सोमवार दोपहर नोन नदी पर बने जुगाड़ पुल को पार करके खेत गए थे। देर शाम तक जब वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। सुबह बुजुर्ग की लाठी नदी किनारे झाड़ियों पर फसी दिखाई दी। बुजुर्ग का शव कुछ दूरी पर नदी में उतराता मिला है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि जलस्तर अधिक होने के कारण जुगाड़ पुल पार करते समय नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हुई है। मृतक के दो बेटे अनिल और सुनील हैं। दोनों गुजरात के सूरत में प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सजेती थाना प्रभारी ब्रज मोहन ने बताया कि बुजुर्ग के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने लगाए एक पेड़ माँ के नाम




बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की, जिसमें सभी से मांओ के नाम एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। इसी क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- कृषि तकनीकी अनुप्रयोग संस्थान ज़ोन- 3 रावतपुर कानपुर के निर्देशों के अनुपालन में कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम लगाते हुए उसकी पूरी देख- रेख करने का भी प्रण लिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है।

ज्ञात हो की केंद्र के 10 वैज्ञानिक/ कर्मचारियों ने पीपल, नीम, बरगद इत्यादि के पेड़ लगाए। पेड़ लगाने के लाभ के बारे में कर्मचारियों को जानकारी देते डॉ राजेश राय ने कहा पेड़ शहर में हवा के तापमान को कम करने और छाया प्रदान करने में मदद करते हैं। वे प्रदूषकों को अवशोषित करके, कणों को रोककर, ऑक्सीजन जारी करके, ओजोन के स्तर को कम करके और मिट्टी के कटाव को कम करके हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए भी जाने जाते हैं। इसलिए सभी को कम से कम एक पेड़ लगा कर उसकी देख रेख कर उसे बड़ा करना चाहिए ताकि जलवायु के परिवर्तन और उससे पारिस्थिति तंत्र को होने वाले नुकसान को न्यून किया जा सके।

## हाइवे में खड़े ट्रक में पीछे से टकराई कार, हैलट रेफर

कानपुर। बिल्हौर में मेडुआ गांव के सामने नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम कानपुर से फर्रुखाबाद की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से टकरा गई। हादसे में बोलेरो में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

फर्रुखाबाद के ऊगरपुर सुल्तान पट्टी के हैदरपुर गांव निवासी 70 वर्षीय बृजनंदन सिंह पुत्र बाबू सिंह भारतीय सेना में कार्यरत थे। कुछ समय पहले उनकी 65 वर्षीय पत्नी प्रेम कुमारी गिरकर घायल हो गई थीं। बुधवार को वह अपने भतीजे राजकुमार सिंह और बबलू पुत्र बृजलाल सिंह के साथ अपने निजी वाहन बोलोरो से अपनी पत्नी को उपचार के लिए कानपुर लेकर आए थे।

उपचार के बाद वह घर वापस लौट रहे थे, तभी अरौल थाना क्षेत्र में मेडुआ गांव के निकट कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर उनकी बोलेरो आगे चल रहे एक कंटेनर में पीछे से जा घुसी। हादसे में बोलेरो में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस में मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को उपचार के लिए बिल्हौर सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के तीनों को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# तीन दिवसीय सदस्यता अभियान कार्यशाला श्रेत्रीय कार्यालय में 25 से



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा उत्तर के समस्त मंडल अध्यक्षों वा मंडल प्रभारियों की 1 सितंबर से भाजपा के प्रारंभ हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्त्व पूर्ण बैठक जिला कार्यालय नवीन मार्केट में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए दीपू पांडे ने कहा की पार्टी ने जो हम सबको सदस्यता का लक्ष्य दिया है उसको हम सबको हर हाल में पूरा करना है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, उठो जागो और जब तक लक्ष्य पूरा न हो रुको नहीं। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने बताय कि 24 अगस्त को जिले की सदस्यता अभियान की कार्यशाला श्रेत्रीय कार्यालय में दोपहर 1 बजे आहूत की गई है। 25 से 27 अगस्त तक सभी मंडलों की कार्यशाला होनी है।

मंडल अध्यक्षों ने मंडल की सदस्यता अभियान की होने वाली कार्यशालो का दिन व स्थान कार्यालय में नोट करा दिया है। पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राय ने कहा की किसी भी दल के लिए उसके सदस्य उसकी रीढ़ की हड्डी होते है। भाजपा सिर्फ राजनैतिक दल नही राष्ट्रवाद और सनातन का पोषक है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा की हिन्दू हरदे सम्राट सर्व समाज के नेता थे राम मंदिर निर्माण के प्रणेता थे उन्होंने सन 1947 में संघ के स्वयंसेवक के रूप में अपना समाज सेवा का जीवन प्रारंभ किया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, पूनम कपूर, अवधेश सोनकर, आनंद मिश्रा, अनुराग शर्मा राघवेंद्र मिश्रा अनुपम मिश्रा अभिमन्यु सक्सेना वास्ते त्रिपाटी प्रशांत पाल गौरव पांडे योगेश पांडे चंचल सिंह भदौरिया विवेक पांडे सहित सभी मंडल अध्यक्ष और प्रभारी उपस्थिति रहे।

# रामगिरी महाराज के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग, एमएसओ कानपुर यूनिट ने सौंपा ज्ञापन




बीपीएस न्यूज

कानपुर। एमएसओ कानपुर यूनिट के अध्यक्ष मुहम्मद वासिक बेग बरकाती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ज़िलाधिकारी कानपुर कार्यालय पहुंचकर एमएसओ कानपुर मंडल के सदर और काज़ी ए शहर कानपुर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही साहब कि सरपरस्ती में प्रधानमंत्री भारत सरकार गृहमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के दौरान रामगिरी को गिरफ्तार करो, तौहीने ? रिसालत बर्दाश्त नहीं, पैगम्बरे इस्लाम का यह अपमान नही सहेंगे नही सहेंगे, नफरत फैलाने वालो पर रासूका लगाओ आदि के गगनभेदी नारेबाज़ी कर अपने गुस्से का इज़्हार किया। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता कर रहे मुहम्मद वासिक बेग बरकाती ने कहा कि पिछले कई सालों से इस्लाम धर्म के विषय में ज़हर उगलने का सिलसिला शुरू हुआ है कभी पैगम्बर ए इस्लाम, कभी पवित्र ग्रंथ कुरआन कभी आज़ान पर गलत ब्यानबाज़ी कर के देश मे गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने की बड़े पैमाने पर साजिश हो रही है मगर देश के अमनपंसद मुसलमानों ने इनकी नापाक कोशिशों को फेल कर दिया है।

16 अगस्त को रामगिरी महाराज द्वारा दिया गया ब्यान उसी साजिश का हिस्सा है रामगिरी ने जिन शब्दों का प्रयोग कर पैगम्बरे इस्लाम की शान मे तौहीन की है उससे विश्व भर के करोड़ो अनुयायी लोगो को ठेस पहुँची है जिसे किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा हमारी संस्था भारत सरकार व महाराष्ट्र सरकार से माँग करती है कि ऐसे तथाकथित लोगों पर तत्काल रासुका लगाकर जेल भेजा जाए। एमएसओ कानपुर यूनिट के महासचिव एडवोकेट फैज़ बेग ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम को अल्लाह पाक ने दुनिया वालो के लिए रहमत बनाकर भेजा उनकी तालीम से सिर्फ मज़्हबे इस्लाम के मानने वाले नही बल्कि हर मज़्हब के लोग अच्छी तरह वाकिफ हैं लिहाज़ा उनकी शान मे की गई तौहीन बर्दाश्त नही की जाएगी ज्ञापन देने वालो मे वासिक बेग, एडवोकेट फैज़ बेग, एडवोकेट शाहरुख़ खान, हाफिज़ शरीफ, आसिफ अत्तारी, अनीस बेग, राहिल, एडवोकेट अब्दुल अहद, एडवोकेट मुहम्मद मेराज आदि लोग मौजूद रहे।

# आरक्षण के मुद्दे को लेकर सपा महानगर ने शांति पूर्ण तरीके से अपील करके मार्केट को घूम-घूम कर बंद कराया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बुधवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आरक्षण मुद्दे को लेकर भारत बंद आवाहन को लेकर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में नवीन मार्केट परेड चमनगंज प्रेम नगर बादशाहीनाका गोविंद नगर अस्पताल रोड लाल कुर्ती शारदा नगर गीता नगर पनकी दबौली गुजैनी यशोदा नगर आदि क्षेत्रों में शांति पूर्ण अपील से मार्केट में घूम-घूम कर बंद कराया जिसे थोक सब्जी उत्पादकों ने भी अपना व्यापार बंद कर आरक्षण मुद्दे को व्यापार समर्थन देकर कारोबार बंद रखा उक्त भारत बंद आवाहन पर कारोबारियों को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि आरक्षण पर भाजपा की नीयत साफ नहीं है संविधान में संशोधन करके संविधान की नौवी सूची में संरक्षित कर हक को संरक्षित कर किया जाएमहानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि पूर्व आरक्षण व्यवस्था को बहाल करने के लिए दूध उत्पादकों द्वारा भारत बंद के समर्थन में अपनी आपूर्ति रोककर विरोध दर्ज कराया।

भारत बंद समर्थन मे संबोधन मे राष्ट्रीय सचिव रामगोपाल पुरी ,प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल, आंनद शुक्ला, परमवीर सिंह गम्भीर, महेन्द्र सिह बडे ठाकुर, रजत मिश्रा, दीपा यादव, दीपिका मिश्रा, दीप शिखा सिंह, मो सारिया, एहसास बॉबी, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, अरमान खान, नवीन जय, सुलेखा यादव, पूजा यादव, सिंपल सिंह, दीप्ती सिंह, अनीता वर्मा, सगीता सिंह, इशरत इराकी, राजेंद्र जयसवाल, रामू वर्मा, अजय श्रीवास्तव, सलाम इदरीसी, नीरज गुप्ता, आसिफ सिद्दीकी, मोनू पाल, रजत सिंह, सलमान शेख मंसूरी, प्रशांत सेंगर, मोहन कुरील, दीपू बाजपेई, सोनू ठाकुर, जय यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

# पद्मविभूषण कल्याण सिंह की पुण्यतिथि को हिन्दू गौरव दिवस के रूप में मनाया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। देश में श्री राम मंदिर के प्रणेता जननायक पदमविभूषण स्व0 कल्याण सिंह की पुण्यतिथि हिन्दू गौरव दिवस के रूप में आयोजित की गई। अखिल भारतीय लोधी राजपूत समाज कानपुर नगर द्वारा बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री उ0प्र0 एवं पूर्व राज्यपाल राजस्थान, हिमांचल प्रदेश की तृतीय पुण्यतिथि पर आवतीपुरम् कल्यानपुर कानपुर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि हिन्दू गौरव दिवस के रूप में मनाई गयी इस अवसर पर रामनाराण राजपूत, ठाकुर प्रसाद डॉ0 एम0 के0 राजपूत शिवेन्द्र सिंह, शिवम् राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत, लालाराम राजपूत, प्रशान्त कुमार आशीष कुमार पाल, राम प्रकाश राजपूत, रामसिंह राजपूत इत्यादि ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया समाज द्वारा मॉग की गई कि कानपुर नगर में मोतीझील ग्राउण्ड का नाम स्वं0 कल्याण सिंह पार्क रखा जाये। कार्यक्रम के सहयोजक डॉ0 एम0 के0 राजपूत ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद दिया।

# बीएसएनएल कानपुर एवं बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र द्वारा भारतीय दूरसंचार मंच सभा का हुआ आयोजन





कानपुर। भारत सरकार की स्वदेशी 4जी/5जी तकनीकी के विकास में बीएसएनएल के योगदान और राष्ट्रहित के लिये समर्पित बीएसएनएल के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हितों की रक्षा के लिए भारतीय दूरसंचार मंच सभा का आयोजन दूरसंचार भवन के प्रांगण में सम्पन्न हुआ सभा मे बीएसएनएल कानपुर एवं बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी सभी शामिल हुएं, कानपुर सांसद सांसद रमेश अवस्थी, प्रधान महा प्रबन्धक एनटीआर राम सकल कानपुर, व्यापार क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभांश यादव कानपुर, आपरेशन एरिया के महाप्रबंधक अनिल वैश्य ने स्वदेशी 4त्न तकनीकी के विकास मे बीएसएनएल की नीति और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में 4जी/5जी के टावर लगाकर लोगों को बेहतर सेवा का नया लक्ष्य देने के बारे मे मार्गदर्शन किया, सांसद रमेश अवस्थी ने यह भी बताया कि चूंकि यह4जी/5जी तकनीकी के उपकरण पूर्णता भारत में ही निर्मित है।

इसलिये बीएसएनएल में लागू होने के बाद, भारत सूचना प्रौद्योगिकी के उपकरणों का आयातकों से निर्यातक देश बन जायेगा, सभा में ऑल इंडिया ग्रैजुएट इंजीनियर और ऑफिसर एसोसिएशन की तरफ से जिला सचिव वीरेन्द्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष संजय सोनकर, एनटीआर के जिला सचिव शैलेन्द्र परिहार, बीटीईएल की तरफ से जिला सचिव अमित निगम (एसीएस) आशीष अवस्थी 5त्न सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे कार्यक्रम मे इस मुहिम को चालू करने मे 4त्न/5त्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गये कठिन प्रयासों के बारे मे भी बताया गया और उनके अधिकारों की संरक्षा हेतु भारतीय दूरसंचार मंच का गठन किया गया सभा के समापन मे अध्यक्ष संजय सोनकर ने आए हुए सभी लोगों को धन्यवाद दिया और कामना की कि भारतीय दूरसंचार मंच के माध्यम से स्वदेशी 4जी/5जी तकनीकी को कानपुर एवं बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र मे जल्दी से जल्दी कार्यान्वित कराया जायेगा तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिये जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर सरकार के साथ मिलकर प्रयास किया जायेगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का पद ग्रहण एवं क्षत्रिय मिलन समारोह आयोजित

## क्षत्रिय समाज देश एवं समाज की रक्षा करने के लिए सदैव समर्पित :मनोज भदौरिया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा कानपुर नगर के द्वारा पद ग्रहण एवं क्षत्रिय मिलन समारोह का आयोजन शकुंतला लॉन अर्रा में धूमधाम से आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजावत राजू पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह तथा वीरपाल सिंह भदौरिया एवं अनुज सिंह चौहान युवा राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत जिलाध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया ने पुष्पगुच्छ एवं पगड़ी पहनाकर तलवार भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में बोलते हुए जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने कहा की क्षत्रिय समाज वास्तव में देश और समाज की रक्षा करने के लिए सदैव समर्पित रहा है।यही कारण है कि जब क्षत्रिय शस्त्र उठाते हैं तो केवल अपनी रक्षा के लिए नहीं वरन देश और समाज की रक्षा के लिए उठाते हैं। महाराणा प्रताप ने अपनी लड़ाई क्षत्रियों की रक्षा के लिए नहीं वरन समस्त समाज की रक्षा हेतु लड़ी थी। न्याय और धर्म की रक्षा करना ही क्षत्रिय धर्म है। पद ग्रहण में मीडिया प्रभारी लाखन सिंह मृत्युंजय सिंह राजावत युवा जिलाध्यक्ष ग्रामीण रंजना सिंह राजावत जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ को पद की गरिमा बनाए रखने ईमानदारी व निष्पक्षता से काम करने और हर हाल में देश एवं संगठन की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे पदाधिकारियों ने जय मां भवानी तथा जय राजपुताना के जोरदार नारे लगाए।

कार्यक्रम के दौरान कोलकाता में बर्बरता से हुई डॉक्टर की आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। युवा प्रकोष्ठ में सुरेन्द्र सिंह प्रियांशु ठाकुर साहिल सिंह आकाश भदौरिया मंत्री सहित हरिओम परिहार शैलेंद्र सिंह सौरभ सिंह अभय प्रताप सिंह आलोक सिंह रवि ठाकुर वीरांगना मोर्चा में सुनीता सिंह प्रतिज्ञा सिंह रूपा सिंह अनामिका सिंह न्रमता सिंह अनामिका सिंह नीलू सिंह वर्षा सिंह सीमा सिंह सुधा राजावत सौम्या चौहान प्रतिभा सिंह आशा तोमर को मनोनीत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मनोजानन्द महाराज गोल्डन बाबा पंकज राजावत करणी सेना संजय तिवारी नितिन चतुर्वेदी एड पंकज राजावत पंकज तोमर कुलदीप भदौरिया मनबोधन सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 31 जोड़े परिचय सम्मेलन पर शादी के लिए हुए तैयार

कानपुर । महर्षि वाल्मीकि जन्म उत्सव केंद्रीय मेला कमेटी का परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें 75 वर वधू ने 17 अक्टूबर 2024 को होने वाले सर्व समाज में होने वाले सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 31 जोड़ों के परिवार विवाह के लिए वर वधु के लिए तैयार हुए 17 अक्टूबर 2024 को होने वाले शादी समारोह का जो लक्ष्य है उसे सारे पदाधिकारी मिलकर रणनीति तैयार कर लेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश हजारिया मुन्ना पहलवान राम जियावन सागर अरुण समुद्र रामस्वरूप सुरेश भारती मुन्ना हजारिया बसंत लाल भारती शिवराम श्रीकांत सुनील बृजेश घनश्याम गहरवाल अशोक भारती रामगोपाल चौधरी प्रेम देवी देवी प्रतिमा मुकेश खन्ना शिवकुमार आदि लोग रहे!



# मछरिया क्षेत्र में जां निसार कमेटी द्वारा निकाला गया शानो शौकत से चहल्लुम जुलूस (सुन्नी)

बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना नौबस्ता के मछरिया क्षेत्र में चैहल्लुम का जुलूस बड़ी शानो शौकत के साथ शांति पूर्वक निकाला गया इस जुलूस का अगाज बरकाती मस्जिद इमाम चौक कबीर नगर मछरिया से दोपहर को लगभग तीन बजे हुआ। यह जुलूस बरकाती मस्जिद,प्रेमवदा स्कूल, मछरिया चढइया व बाबा गेस्ट हाउस से चलकर पप्पू टेन्ट हाउस से रमजानी चौराहा होते हुए मछरिया बाजार कर्बला मे आकर लगभग शाम को छह बजे ताजिया को कर्बला में ठंडे किये गये। बारिश के चलते कई मोहल्लों में कीचड़ होने के कारण जुलूस वहां नही जा सका। जुलूस में कई मोहल्लों में शर्बत, पानी लंगर से लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। जुलूस परवेज ,पप्पूभाई( पत्रकार) मो दानिश, चांदनी.मो0 अनीश (काजू वकील) मो0 जमाल, कल्लू पान वाले मो0 चाय वाले आदि जुलूस में मौजूद रहे।



# न्यू साहू फैमिली रेस्टोरेंट द्वारा अभिमन्यु क्षत्रिय सभा अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन



कानपुर। न्यू साहू फैमिली रेस्टोरेंट में अभिमन्यु क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष का जन्मदिन रेस्टोरेंट संचालक सुरेश साहू द्वारा मनाया गया। सभी मित्र साथियों ने मिलकर पंकज तोमर का केक कटवाया। इस बर्थडे केक पार्टी में काशी प्रसाद द्विवेदी, विकास त्रिपाठी, विक्की, प्रदीप मिश्रा, प्रदीप तोमर, हर्ष तोमर, शिव प्रताप सिंह, साहिल ठाकुर, देवेश परमार, दीपक सिंह, कुनाल सैनी, हर्षित गुप्ता, अर्पित पटेल, शशांक तोमर, आशू सिंह आदि मित्र साथी मौजूद रहे।

# कानपुर उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस आयुक्त से की मुलाकात



कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से उनके कार्यालय सिविल लाइंस में मे मिला जिसमें सर्वप्रथम कमिश्नर द्वारा कई व्यापार मंडल होने की बात कही गई जिस पर अध्यक्ष मणिकांत जैन ने विस्तार पूर्वक व्यापार मंडल के बारे में कमिश्नर को अवगत कराया जिला महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने कानपुर महानगर की व्यापारिक समस्याओं व आम जनमानस की समस्याओं पर चर्चा में बताया की शहर के भीतर ई-रिक्शा की भरमार संख्या है जो बिना मानक के चल रहे ई रिक्शा के संदर्भ में भी वार्ता हुई नगर के अंदर पुलिस विभाग के कुछ कर्मियों द्वारा अनावश्यक माल लोड वाहनों को रॉक कर जीएसटी से संबंधित पेपरो की मांग करते हैं तथा व्यापारियों का उत्पीड़न व शोषण करते हैं जिससे विवाद उत्पन्न होती है इस बात का भी संज्ञान कमिश्नर को बताया गया तथा चालान के नाम पर बिना कागजो की चेकिंग करें चालान किए जा रहे हैं उपरोक्त बातों को बड़ी ध्यानपूर्वक सुनते के बाद पुलिस कमिश्नर द्वारा तत्काल डीसी पी अधिकारियों को आदेश देकर 3 दिन के अंदर अपने स्तर से व्यापार मंडलों की बैठक कर उपरोक्त समस्याओं को हल करने का आदेश दिया !प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से विजय पांडे, मणिकांत जैन,राकेश सिंह, कृपाशंकर त्रिवेदी,सुशील गुप्ता,सत्य प्रकाश जायसवाल, महेंद्र गुप्ता,राजेश जायसवाल,अमित दोसर,राहुल दीक्षित,ओम प्रकाश चौटाला,सक्षम गुप्ता, गुलशन जायसवाल,आदि उपस्थित थे।

# परिषद ने आठवाँ वेतन आयोग के गठन व पुरानी पेन्शन बहाली की माँग की

कानपुर। आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक बीएसए कार्यालय में सायं 6 बजे अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी की अध्यक्षता में हुई,जिसमें सरकार से आठवाँ वेतन आयोग के गठन व पुरानी पेन्शन बहाली की माँग की गई।बैठक का संचालन मन्त्री इं.कोमल सिंह ने की।बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह,चेयरमैन साहब सरताज, उपाध्यक्ष सुखेंद्र यादव,परवेज़ आलम, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अवस्थी, नवीन राठौर,संजीव पाल आदि उपस्थिति रहें।



# उत्तर प्रदेश के सभी दिव्यांग संगठनों को एक मंच पर लाने का प्रयास



कानपुर। सभी दिव्यांग संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए दिव्यांग महागठबन्धन का ऐलान किया गया है। दिव्यांग संगठनों की एक बैठक 10 माल एवेन्यू लखनऊ मे सम्पन्न हुई।

बैठक में उत्तर प्रदेश के तमाम जिलो में दिव्यांगजन के लिये संघर्ष करने वाले संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।जिसमें विधिवत दिव्यांग महागठबन्धन की कार्यकारिणी का ऐलान किया गया। जिसमें कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव को महागठबन्धन अध्यक्ष, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार को महागठबन्धन का महासचिव, आल दिव्यांग विकास संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय दिव्यांग यूनियन के राष्ट्रीय सचिव राम प्रवेश गुप्ता को उपाध्यक्ष, दिव्यांग विकास सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार को उपाध्यक्ष, भारतीय जाग्रति मिशन के अध्यक्ष अनुप कुमार को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष, सशक्त दिव्यांगजव आत्मनिर्भर समिति ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा, दिव्यांग जीवन ज्योती फाऊन्डेशन के अध्यक्ष संदीप सैनी को प्रचार सचिव, आजाद अधिकार सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता को सचिव, आदि शंकराचार्य वैदिक दिव्यांग फाऊंडेशन के अध्यक्ष माता प्रसाद, ज्ञान प्रताप शर्मा व बलराज को सचिव, कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रवक्ता तन्यमय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी को प्रवक्ता चुना गया।

बैठक में दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के अनुपालन, दिव्यांगजन के नौकरी, रोजगार, स्वस्थ, शिक्षा, सुरक्षा, पेंशन बढोत्तरी की मांग को लेकर सयुक्त रूप से प्रदेश व्यापी आन्दोलन की रणनीति तैयार की गयी, जनपद स्तर की समस्याओं का संकलन करके मांग पत्र में शामिल किया किया जायेगा। बैठक में,कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव , राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार , आल दिव्यांग विकास संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव , भारतीय दिव्यांग यूनियन राष्ट्रीय सचिव राम प्रवेश गुप्ता , दिव्यांग विकास सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार, भारतीय जाग्रति मिशन के अध्यक्ष अनुप कुमार, जितेन्द्र कुमार वर्मा, सशक्त दिव्यांगजव आत्मनिर्भर समिति ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा, दिव्यांग जीवन ज्योती फाऊन्डेशन के अध्यक्ष संदीप सैनी, आजाद अधिकार सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शंकराचार्य वैदिक दिव्यांग फाऊंडेशन के अध्यक्ष माता प्रसाद, ज्ञान प्रताप शर्मा व बलराज , कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रवक्ता तन्यमय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी चुना गया।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने प्रेस वार्ता का किया आयोजन




बीपीएस न्यूज

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा एवं श्री अग्रसेन सेवा समिति के संयुक्त तत्वधान में 25 अगस्त 2024 दिन रविवार को एक विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर के अयोजन के सम्बन्ध में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन आईएमए भवन परेड के समीनार हाल में किया गया। इस पत्रकार वार्ता को आईएमए की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ कुनाल सहाय, डॉ वी सी रस्तोगी, चेयरमैन कम्युनिटी वेलफेयर सब कमेटी, डॉ. ए.सी. अग्रवाल, को चेयरमैन, कम्युनिटी वेलफेयर सब कमेटी, डॉअनुराग मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष, दिनेश चंद्र गोयल, अध्यक्ष, दीपक कुमार अग्रवाल, प्रधान मंत्री, विजय कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक गगन अग्रवाल एवं विवेक अग्रवाल, अग्रसेन समिति, कानपुर ने संबोधित किया। श्री अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र गोयल प्रधानमंत्री दीपक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक संतोष कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष गगन अग्रवाल एवं विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में कानपुर नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवाएं निशुल्क देगे। निशुल्क जांचे पालीवाल डायग्नोस्टिक के सहयोग से निशुल्क की जाएगी।आईएमए कानपुर के सचिव डॉ कुनाल सहाय ने बताया कि इस शिविर में नगर के प्रख्यात चिकित्सक जो अपनी सेवाएं देगे निम्नलिखित है। शिशु रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजीशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सविता रस्तोगी, डॉ. अम्बिका प्रसादआदित्य नरुला, डॉ. के के त्रिपाठी, डॉ. वैभव नाथ भल्ला, डॉ. महेश चंद्रा, डॉ. के एस गुप्ता, डॉ. राहुल ऋषि, स्त्री रोग विशेषज्ञ, टी.बी. व चेस्ट विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. किरन सिन्हा, इत्यादि लोग रहेंगे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in
नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।